हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, रविवार 28 जून 2026


तापमान

अधिकतम 43.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

12 कुर्बानपुर में विवादित जमीन पर प्रशासन के कब्जे...



12 बरसाती सीजन से पहले नालों की सफाई का संपदा...



**खबर संक्षेप**

### सूने घर में घुसकर चुराए लाखों रुपये के आभूषण

**यमुनानगर।** जगाधरी की गंगानगर कॉलोनी में चोरों ने सूने घर में घुसकर लाखों रुपये के सोने व चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।जानकारी के अनुसार जगाधरी की गंगानगर कॉलोनी निवासी अंकुश ने शहर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 13 मई को परिवार के साथ किसी काम से घर से बाहर गया था। 22 जून को जब वह वापस लौटे तो घर का सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर बाइक, आभूषण गायब मिले। जिनकी कीमत करीब डेढ़ लाख रुपए है।

### शादी का झांसा देकर किशोरी को किया अगवा

**यमुनानगर।** शहर के इंडसट्रियल एरिया में युवक ने शादी का झांसा देकर किशोरी को अगवा कर लिया। जानकारी के अनुसार शहर के इंडसट्रियल एरिया निवासी व्यक्ति ने शहर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 14 वर्षीय लड़की 25 जून को सुबह 11 बजे किसी काम से घर से बाहर गई थी मगर उसके बाद उसकी लड़की घर नहीं लौटी। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कुछ भी पता नहीं चला। जांच के दौरान उन्हें मालूम हुआ कि उसकी लड़की को सुशील नामक युवक शादी का झांसा देकर अगवा करके ले गया है।

### प्रतिबंधित दवाइयों व हेरोइन के साथ तस्कर गिरफ्तार



**यमुनानगर।** जिला पुलिस की अपराध अन्वेषण शाखा वन पुलिस की टीम ने गांव फतेहपुर पुल के पास से एक नशातस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से प्रतिबंधित दवाई अल्प्राजोलम की 825 नशीली गोलियां व 31 ग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे रिमांड पर लिया गया है। जानकारी के अनुसार टीम के इंचार्ज राजकुमार ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि फतेहपुर पुल से ताजकपुर रोड पर एक व्यक्ति प्रतिबंधित दवाइयां लेकर घूम रहा है। टीम ने मौके पर जाकर व्यक्ति को गिरफ्तार किया।

### जीटी रोड पर सड़क हादसे में युवक की मौत

**कुरुक्षेत्र।** जीटी रोड पर शुक्रवार देर रात हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। हादसा शाहाबाद से पिपली रोड पर मन्नत हवेली होटल के पास हुआ। युवक रात करीब एक बजे जीटी रोड पार कर रहा था। इसी दौरान किसी तेज रफ्तार वाहन ने उसे कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद आरोपी ड्राइवर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू की। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस उसकी पहचान कराने की कोशिश कर रही है। इस युवक की बाजू पर अलग-अलग टैटू बने हुए हैं।

### ट्रैक्टर ट्राला की चपेट में आने से महिला की मौत



**रादौर।** अनाजमंडी चौक पर सड़क पार करते समय ट्रैक्टर ट्राला की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी। राजेंद्र ने बताया कि उसकी चाची सुनीता सुबह बैंक से अपनी पेंशन लेने गई थी। वह जब अनाजमंडी चौक पर पैदल सड़क पार कर रही थी तो ट्रैक्टर ट्राले ने उसे चपेट में ले लिया।

# मौसम में उमस व गर्मी की तपिश से झुलसे लोग, छबील ने दिलाई राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

पिछले एक पखवाड़े से पड़ रही तेज गर्मी की तपिश शनिवार को भी जारी रही। आलम यह रहा कि सुबह होते ही आसमान से आग टपकने लगी और मौसम में गर्मी की तपिश और उमस बनने से लोग बेहाल हो गए। गर्मी की तपिश को देखते हुए श्रद्धालुओं ने शहरी व ग्रामीण इलाकों में जगह-जगह लगाई गई छबीलों पर पहुंचकर ठंडे और मीठे जल को पीकर अपनी प्यास को बुझाकर गर्मी से राहत पाने का प्रायस किया।



### सूर्य के निकलते ही आसमान से बरसने लगी आग

शनिवार सुबह से ही गर्मी का प्रकोप बढ़ने लगा। इस दौरान अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 30 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। वहीं, मौसम में उमस व तपती गर्मी का असर और भी तेज हो गया। जिस कारण बाजार भी सुनसान दिखाई दिए। ग्रामीण इलाकों में तो और भी ज्यादा परेशानी हुई। क्योंकि दिन भर बिजली नहीं आने से ग्रामीण इलाकों में लोग पेड़ों की छांव या फिर हाथों के पंखे झोलने पर मजबूर रहे।

### छबीलों पर पहुंचकर लोगों ने बुझाई मीठे जल से प्यास

शनिवार को जहां गर्मी ने लोगों के बेहाल किया, वहीं, स्वयं सेवी संस्थाओं व श्रद्धालुओं ने शहरी और ग्रामीण इलाकों के अलावा मार्गों पर भी छबीलें लगाकर लोगों को ठंडा मीठा जल पिलाकर उन्हें गर्मी से राहत पहुंचाने का कार्य किया। इस दौरान विजय पाल, महीपाल, सुरेश व महेंद्र आदि ने बताया कि पिछले कई दिन से मौसम में तापमान बढ़ने से लोग तरबतर हो रहे हैं। पिछले कई दिन से जगह-जगह छबीलें लगाकर लोगों को मीठा जल पिलाकर गर्मी से राहत दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। मौके पर मुकेश, विकास, प्रमोद, सूरज, सौरभ कुमार, आनंद कुमार व गौरव आदि मौजूद थे।

### तेज धूप और गर्म हवाओं से जनजीवन प्रभावित, बिजली कटों ने बढ़ाई परेशानी



**कुरुक्षेत्र।** जिले में शनिवार को भी भीषण गर्मी और उमस ने लोगों का जनजीवन प्रभावित किया। सुबह से ही तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण लोग परेशान नजर आए। दिन चढ़ने के साथ उमस बढ़ती गई, जिससे लोग दिनभर पसीने से तरबतर रहे। गर्मी के साथ-साथ बार-बार हो रही बिजली कटौती ने भी लोगों की परेशानियों में इजाफा कर दिया। बिजली गुल होने से घरों में पंखे, कूलर और एयर कंडीशनर बंद हो गए, जिससे लोगों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ा। खासकर छोटे बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को सबसे अधिक परेशानी हुई। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को जिले का अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में नमी अधिक होने के कारण उमस ने लोगों को बेहाल कर दिया।


## केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने दी करनाल शहर को बड़ी सौगात

# रेलवे स्टेशन पर अंडरपास को मंजूरी जल्द एस्केलेटर-लिफ्ट लगाने की तैयारी

संगठनात्मक बैठक में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कार्यकर्ताओं को दिया जनसेवा का मंत्र, जनसंपर्क अभियान तेज करने का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

भाजपा के जिला कार्यालय कर्ण कमल में शनिवार को केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन विस्तार, आगामी कार्यक्रमों, जनसंपर्क अभियानों और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विस्तार से चर्चा हुई।कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने और आमजन से लगातार संवाद बनाए रखने का आह्वान किया गया। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए समर्पित भाव से कार्य करना ही पार्टी की प्राथमिकता है। उन्होंने जनसंपर्क अभियानों को और अधिक प्रभावी बनाकर समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंच सुनिश्चित करने पर जोर दिया। मीडिया से बातचीत के दौरान मनोहर लाल ने कहा कि स्टेशन के नजदीक अंडरपास को मंजूरी मिल चुकी है। जबकि एस्केलेटर और लिफ्ट लगाने का प्रस्ताव भी विचाराधीन है। इन सुविधाओं के लागू होने से यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल शुक्रवार रात ट्रेन से करनाल पहुंचे थे। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के कथित वायरल वीडियो पर उन्होंने कहा कि यह जांच का विषय है और पहले यह स्पष्ट होना जरूरी है कि वीडियो की वास्तविकता क्या है, उसकी जांच किस प्रकार की जा रही है तथा संबंधित एजेंसियां इस मामले में क्या कदम उठा रही हैं। इस मुद्दे को तथ्यों के आधार पर ही देखा जाना चाहिए।



करनाल। बैठक को संबोधित करते केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल फोटो : हरिभूमि

### अंडरपास को मिल चुकी है स्वीकृति : मनोहर

मनोहर लाल ने बताया कि रेलवे स्टेशन का संबंधित अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया जा चुका है और अंडरपास निर्माण को मंजूरी भी मिल चुकी है। उन्होंने कहा कि अंडरपास बनने से यात्रियों, विशेषकर बुजुर्गों को बड़ी राहत मिलेगी, क्योंकि फुटओवर ब्रिज पर चढ़ने-उतरने में उन्हें कठिनाई का सामना करना पड़ता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यदि स्टेशन पर एस्केलेटर अथवा लिफ्ट की सुविधा भी स्वीकृत हो जाती है तो यात्रियों की आवाजाही और अधिक सुगम हो जाएगी।


### राम मंदिर चढ़ावा प्रकरण में कार्रवाई जरूरी

राम मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी के मामले में हुई गिरफ्तारियों और चंपत राय के इस्तीफे की मांग से जुड़े सवाल पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मामले की जांच और कार्रवाई उत्तर प्रदेश पुलिस कर रही है। उन्होंने कहा कि सामने आई घटना दुर्भाग्यपूर्ण है और दोषियों के खिलाफ नियमानुसार उचित कार्रवाई होनी चाहिए।

### बुनियादी सुविधाओं के विस्तार पर रहेगा जोर

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि करनाल में आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। रेलवे स्टेशन पर प्रस्तावित अंडरपास, एस्केलेटर और लिफ्ट जैसी सुविधाएं भी इसी दिशा में महत्वपूर्ण पहल हैं, जिनसे यात्रियों को बेहतर और सुविधाजनक यात्रा अनुभव मिल सकेगा।

# रद्द पावर ऑफ अटॉर्नी से बेटे ने हड़पी 755 गज जमीन



एआई जेनरेटेड

- जांच के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ दर्ज किया केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

महेश नगर थाना क्षेत्र में एक बुजुर्ग पिता ने बेटे और पोता-पोती पर रद्द पॉवर ऑफ अटार्नी से 755 गज जमीन हड़पने का आरोप लगाया है। पुलिस ने बुजुर्ग की शिकायत पर तीनों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बुजुर्ग का आरोप है कि उनके बेटे और पोता-पोती ने एक ऐसी पॉवर ऑफ अटार्नी का इस्तेमाल किया, जिसे वह 11 साल पहले ही रद्द कर चुके थे।महेश नगर के 87 वर्षीय ओमप्रकाश सैनी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वर्ष 2005 में उन्होंने अपने बड़े बेटे सुशील कुमार सैनी के नाम एक जनरल पॉवर ऑफ अटार्नी करवाई थी। वर्ष 2015 में जब उन्हें बेटे की नीयत पर शक हुआ, तो उन्होंने 5 जून 2015 को तहसील कार्यालय में जाकर उस पॉवर ऑफ अटार्नी को रद्द करवा दिया था। बुजुर्ग का आरोप है कि मार्च महीने में उन्हें पता चला कि उनके बेटे सुशील कुमार ने साजिश रचकर रद्द हो चुकी 2005 की पावर ऑफ अटार्नी का इस्तेमाल करते हुए 13 मार्च को उनकी बब्याल गांव स्थित जमीन को अपने बच्चों (पुत्र सौरभ सैनी और पुत्री शगुन सैनी) के नाम करवा लिया। इस दौरान उन्होंने दो अलग-अलग विलेखों (सेल डीड और ट्रांसफर डीड) के जरिए इस धोखाधड़ी को अंजाम दिया। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस की मानें तो आरोपियों को जल्द ही काबू किया जाएगा। इस मामले के संदर्भ में पुलिस प्रशासन ने व्यापक रूप से जरूरी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने आश्वासन दिया कि मामले में संलिप्त सभी आरोपियों को जल्द से जल्द पकड़ा जाएगा।

## अधोया में ऑटो की टक्कर से राहगीर की मौत केस



**बराड़ा।** गांव अधोया में शनिवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की जान चली गई। तेज रफ्तार ऑटो की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हुए कुलदीप सिंह ने अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शनिवार सुबह करीब नौ बजे कुलदीप सिंह सड़क पार कर रहे थे। इसी दौरान तेज गति से आ रहे एक ऑटो ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वह कई फीट दूर सड़क पर जा गिरे और उनके सिर समेत शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। हादसे के तुरंत बाद आसपास मौजूद ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए घायल कुलदीप सिंह को निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। हालांकि चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना मिलते ही परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। उनकी पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## विदेश भेजने पर 15.92 लाख की धोखाधड़ी में महिला गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन के मार्गदर्शन में आर्थिक अपराध शाखा द्वारा विदेश भेजने के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी के मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। यह मामला दिसंबर 2025 में थाना इस्माईलाबाद में दर्ज किया गया था। मामले की जांच के दौरान पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर 26 जून 2026 को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अमीरचंद कॉलोनी, ठसका रोड, इस्माईलाबाद निवासी दर्शन लाल ने शिकायत दी थी कि उसके पुत्र पवन कुमार को कनाडा भेजने का झांसा देकर सुखवंत सिंह, उसकी पत्नी गुरविन्द्र कौर व उनके साथी जयपाल ने वर्ष 2023 से विभिन्न किश्तों में करीब 15.92 लाख रुपये ठग लिए। आरोपियों ने पीड़ित का पासपोर्ट अपने पास रख लिया तथा विदेश भेजने के नाम पर फर्जी एयर टिकट भी उपलब्ध करवाई। निर्धारित तिथि पर पीड़ित के दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचने से पहले ही आरोपियों ने तकनीकी खराबी का बहाना बनाकर उसे वापस बुला लिया।

## सरकार का तोहफा, खेल ग्रेडेशन नीति में बदलाव से खिलाड़ियों को मिलेगा लाभः पंवार

- स्टेट गेम में भाग लेने वालों को सरकारी नौकरी में मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। प्रदेश के पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार फोटो : हरिभूमि

हरियाणा ओलंपिक संघ के महासचिव एवं हरियाणा के पंचायत एवं विकास मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने प्रदेश सरकार द्वारा खेल ग्रेडेशन नीति में किए गए महत्वपूर्ण संशोधन का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तथा खेल मंत्री गौरव गौतम का आभार व्यक्त किया है। कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने खिलाड़ियों के हित में एक ऐतिहासिक निर्णय लिया है। अब हरियाणा स्टेट गेम्स में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को भी खेल ग्रेडेशन का लाभ मिलेगा। इससे उन्हें सरकारी नौकरियों सहित अन्य अवसरों में भी लाभ प्राप्त होगा। हरियाणा स्टेट गेम्स का आयोजन हरियाणा ओलंपिक संघ द्वारा किया जाता है। उन्होंने कहा कि यह फैसला हरियाणा के हजारों खिलाड़ियों के लिए बेहद लाभकारी सिद्ध होगा। इससे खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के अधिक अवसर मिलेंगे और युवाओं का खेलों के प्रति रुझान भी बढ़ेगा। यह निर्णय प्रदेश में खेल संस्कृति को और अधिक मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे उन्हें सरकारी नौकरियों सहित अन्य अवसरों में भी लाभ प्राप्त होगा।

## एचटेट केंद्रों के 200 मी दायरे में धारा 163 लागू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

एचटेट 2025 परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए हैं। उपायुक्त एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ.हरीश कुमार वशिष्ठ ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता बीएनएसएस 2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी करते हुए जिले के सभी परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में पांच या उससे अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने तथा हथियार लेकर आने पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसके साथ ही परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में संचालित सभी फोटोस्टेट की दुकानों का संचालन भी परीक्षा अवधि के दौरान प्रतिबंधित रहेगा। उपायुक्त द्वारा जारी आदेश के अनुसार हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा 4 और 5 जुलाई को आयोजित होने वाली हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा के दौरान कानून.व्यवस्था बनाए रखने, परीक्षा की गोपनीयता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने तथा किसी भी प्रकार की अव्यवस्था को रोकने के लिए यह निर्णय लिया गया है। उपायुक्त ने सभी अभ्यर्थियों, अभिभावकों और आमजन से प्रशासन के निर्देशों का पालन करने तथा परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में सहयोग देने की अपील की।

### परिवहन मंत्री विज का तोहफा, पंखे व लाइटों से सुसज्जित

# अंबाला छावनी में 17 बस क्यू सेल्टर तैयार, यात्रियों को सुविधा

शहर में 24 बस क्यू सेल्टर किए जाने है तैयार, शेष सात पर निर्माण कार्य जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा कि बसों में सफर करने वाले यात्रियों को सुविधाएं मुहैया कराने के लिए वह कृत संकल्प है। इसी क्रम में अंबाला छावनी में लोकल बस सेवा के लिए "17 नए बस क्यू शेल्टर" का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है।

विज ने कहा कि तपती धूप, गर्मी व बरसातों में बसों की इंतजार करने के लिए यात्रियों को कोई परेशानी न हो इसीलिए अंबाला छावनी के विभिन्न स्थानों पर 24 बस क्यू शेल्टर का निर्माण किया जा रहा है जिनमें से 17 का कार्य पूरा कर लिया गया है जबकि शेष सात स्थानों पर भी बस क्यू शेल्टर जल्द बनकर तैयार होंगे। विज ने बताया कि बसों की इंतजार करने के लिए बस क्यू शेल्टर में बैठने की व्यवस्था है तथा इसके अलावा यहां पंखे, लाइटें और बसों का टाइम टेबल भी लगाया गया है जिससे यात्रियों को बसों के आने-जाने का पूरा विवरण मिलेगा। उन्होंने बताया कि लोकल बस सेवा अंबाला छावनी के लिए बेहद प्रभावशाली साबित हो रही है और इसी क्रम में बस क्यू शेल्टर यात्रियों को सुविधा प्रदान करेंगे।




अंबाला। नए बनें बस क्यू शेल्टर का दृश्य।

### इन स्थानों पर शेल्टर बनकर तैयार

परिवहन मंत्री अनिल विज ने बताया कि कैपिटल चौक, टुंडला, डिफेंस कालोनी, कलरहेड़ी, सुंदर नगर, मच्छौंडा, शाहपुर, बोह, सिविल अस्पताल अंबाला छावनी के निकट, सुभाष पार्क, बीडी फ्लोर मील, हाथीखाना मंदिर, रंगिया मंडी चौक, नन्हेड़ा, एसडी कॉलेज, बब्याल और दिलीपगढ़ में बस क्यू शेल्टर तैयार हो चुके हैं। शेष सात स्थानों पर जल्द कार्य पूरा किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### अग्रवाल युवा संगठन ने लगाया भंडारा

**घरौंडा।** अग्रवाल युवा संगठन की ओर से नए बस स्टैंड पर एक भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में नगरपालिका चेयरमैन हैप्पी लक गुप्ता ने मुख्य रूप से शिरकत की। शहर में भंडारे लगाना एक सहरानीय कार्य है। शहर में सामाजिक धार्मिक व अन्य लोग भी निरंतर भंडारे लगा रहे हैं। भंडारे लगाने से कही न कही भाईचारे को भी बढ़ावा मिलता है। शनिवार को बस स्टैंड पर लगे भंडारे में लोगो में काफी उत्साह दिखाई दिया। अग्रवाल युवा संगठन के अध्यक्ष सुशील कुच्छल ने बताया कि महाराजा अग्रसेन जी के आशीर्वाद से हर माह कोई न कोई सामाजिक हित में कार्य किया जा रहा। उसी कड़ी में शनिवार को नए बस स्टैंड पर भंडारे का आयोजन किया गया।

### शिविर में स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का दिया संदेश



**करनाल।** योग शिक्षक दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में संचालित 'मेरा मिशन स्वस्थ भारत' अभियान के तहत करनाल सहित विभिन्न स्थानों पर नियमित योग शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। शनिवार को पानीपत के कृष्णापुरा स्थित संजय पार्क में आयोजित विशेष योग शिविर में मिशन की सदस्य सोनिया शर्मा ने साधकों को योगाभ्यास कराया। उन्होंने योग की विभिन्न क्रियाओं के साथ संगीत और एरोबिक्स के माध्यम से भी प्रतिभागियों को स्वस्थ रहने के तरीके बताए। उन्होंने शांत वातावरण में भोजन करने और क्रोध या तनाव की स्थिति में भोजन से बचने की भी सलाह दी।

योग शिविर में संजय, सीमा, गीता, पूनम, कोमल, लीना, रितु और सुनीता सहित अनेक लोगों ने भाग लेकर योगाभ्यास किया।

### शोभायात्रा और भंडारे में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**करनाल।** बाबा राम दास जी गिरि काली कमली वाले की पावन स्मृति में आयोजित 121वें विशाल भंडारे के अंतर्गत शनिवार को मंदिर परिसर में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन श्रद्धा और उल्लास के साथ किया गया। मंदिर को फूलों और गुब्बारों से सजाया गया तथा सुबह सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ। गुरुदेव देवेन्द्र बतरा, दर्शना बतरा और डॉ. मानव बतरा के सान्निध्य में आयोजित कार्यक्रम में पावन ज्योति गुरुदेव देवेन्द्र बतरा, मुख्य यजमान डॉ. गिरिश चेटले, दिव्या और सुशेन चेटले ने प्रज्ज्वलित की। सुंदरकांड का पाठ श्री दशरथ नंदन पार्टी एवं सन्नी निझावन द्वारा किया गया। इसके बाद हनुमान चालीसा, आरती और प्रसाद वितरण के साथ भंडारा आयोजित हुआ। ग्रामीण फेरी शोभायात्रा में भगवान श्री राधा-कृष्ण की सुसज्जित पालकी निकाली गई। गुरुदेव देवेन्द्र बतरा, महामंडलेश्वर सत्यानंद तीर्थ की अगुवाई में श्रद्धालु पीर बाबा काले खां की मजार पहुंचे।

# करनाल के दो समधियों और साली की सड़क हादसे में मौत

## खाटू श्याम जाते समय जींद में लजवाना के पास ट्रक ने कुचला

- मृतकों के बच्चे कनाडा में रहते हैं, जिनके आने के बाद ही अंतिम संस्कार किया जाएगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

राष्ट्रीय राजमार्ग 152-डी पर जींद के निकट लजवाना कलां गांव के पास शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में करनाल निवासी दो समधी और एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। सूचना मिलते ही जुलाना थाना पुलिस ने मौके पर पहुँचकर राहत और बचाव कार्य शुरू किया। मृतकों के बच्चे विदेश (कनाडा) में रहते हैं, जिनके आने के बाद ही अंतिम संस्कार किया जाएगा।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, करनाल के सेक्टर-8 पार्ट-2 निवासी धर्मपाल वासन (45) अपनी पत्नी नीतू (40), साली स्वीटी (40) और सेक्टर-13 निवासी अपने समधी राजकुमार (50) व उनकी पत्नी रितु (42) के साथ कार द्वारा राजस्थान के खाटू श्याम मंदिर जा रहे थे। जब उनकी कार लजवाना कलां गांव के पास पहुँची, तो अचानक सामने एक कुत्ता आ गया। कुत्ते को बचाने के चक्कर में कार का अगला हिस्सा हल्का क्षतिग्रस्त हो गया। इसके बाद परिवार के लोग कार से नीचे उतरकर नुकसान का जायजा ले रहे थे कि तभी पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें और कार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार और ट्रक दोनों सड़क किनारे खाई में पलट गए और मृतकों के शव भी खाई में जा गिरे। हादसे में धर्मपाल, उनके समधी राजकुमार और साली स्वीटी की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों घायल महिलाओं (नीतू और रितु) को जुलाना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहाँ से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक और हेल्पर मौके से फरार हो गए।






**करनाल।** जींद में हुए सड़क हादसे के बाद घटनास्थल पर जांच करती पुलिस तथा क्षतिग्रस्त कार और ट्रक। फोटो : हरिभूमि

# भाजपा संगठन की मजबूती पर मंथन, जनसंपर्क अभियान तेज

- संगठनात्मक बैठक में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कार्यकर्ताओं को दिया जनसेवा का मंत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

भाजपा के जिला कार्यालय कर्ण कमल में शनिवार को केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन विस्तार, आगामी कार्यक्रमों, जनसंपर्क अभियानों और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने और आमजन से लगातार संवाद बनाए रखने का आह्वान किया गया।

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए समर्पित भाव से कार्य करना ही पार्टी की प्राथमिकता है। उन्होंने जनसंपर्क अभियानों को और अधिक प्रभावी बनाकर समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंच सुनिश्चित करने पर जोर दिया। बैठक में महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि संगठन और जनसेवा एक-दूसरे के पूरक हैं।

उन्होंने कहा कि पार्टी के अभियान जनता से सीधे जुड़ने और विकास को गति देने का माध्यम हैं। उन्होंने संगठन विस्तार और जनहित के कार्यों को सामूहिक प्रयासों से आगे बढ़ाने का आह्वान किया।




**करनाल।** संगठनात्मक बैठक को संबोधित करते केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल।

# वीबी ग्राम जी योजना के विरोध में आंदोलन का किया ऐलान

- हरियाणा खेत मजदूर यूनियन एक जुलाई को गांव-गांव प्रतियां जलाकर करेगी विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

मनरेगा के स्थान पर प्रस्तावित वीबी ग्राम जी योजना के विरोध में ग्रामीण मजदूर और किसान संगठनों की संयुक्त ऑनलाइन बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अखिल भारतीय किसान सभा के राज्य अध्यक्ष मास्टर बलबीर सिंह ने की, जबकि संचालन नरेगा संघर्ष मोर्चा तालमेल कमेटी हरियाणा के संयोजक एवं अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर यूनियन के राज्य महासचिव राजेंद्र ने किया।

बैठक में निर्णय लिया गया कि एक जुलाई को हरियाणा के सभी जिलों के गांवों में वीबी ग्राम जी योजना की प्रतियां जलाकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। राजेंद्र और हरियाणा खेत मजदूर यूनियन के राज्य महासचिव जिले सिंह पाल ने कहा कि नई व्यवस्था लागू होने से राज्यों पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा और मनरेगा के तहत मिलने वाला रोजगार का कानूनी अधिकार कमजोर हो जाएगा। उन्होंने कहा कि बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित प्रक्रिया ग्रामीण मजदूरों के लिए नई परेशानियां खड़ी करेगी।

बैठक में जगमाल सिंह, रामकुमार बहबलपुरिया, प्रेमचंद, संदीप सिंह, रोहतास बरवाला, शकुंतला जाखड़, एडवोकेट अरुण सकरवाल, दरियाव सिंह कश्यप, अजय आशु, जय भगवान और रमेश सहित विभिन्न किसान एवं मजदूर संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सभी वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि नई योजना से मजदूरों की आजीविका और रोजगार सुरक्षा प्रभावित होगी।

# सामाजिक समरसता का संदेश देने का आह्वान

- हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति ने मनाई संत कबीर जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति के तत्वावधान में गांव शेखपुरा में संत कबीर जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. वी.बी. अबरोल ने की। इस दौरान संत कबीर के जीवन, विचारों और सामाजिक संदेश पर वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए तथा गांव में नए पुस्तकालय का शुभारंभ भी किया गया। पूर्व प्रधान जयप्रकाश शास्त्री ने कहा कि संत कबीर निर्गुण संत थे, जिन्होंने अपने दोहों के माध्यम से समाज में व्याप्त पाखंड, आडंबर और धार्मिक कट्टरता पर प्रहार किया। उनके विचार आज भी मानवता, समानता और भाईचारे का संदेश देते हैं। हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति के जिला प्रधान विनोद मंगलोरा, कार्यकारिणी सदस्य डॉ. पवन कुमार, सचिव सतीश, कैशियर जरासो शर्मा तथा सहसचिव राममेहर ने भी संत कबीर के जीवन और शिक्षाओं पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर अनु अबरोल ने फीता काटकर समिति के पुस्तकालय का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में अनु गिल, महिंदर गिल, विनोद बामणिया, माईराम, अंजुम, माही, स्नेहा और गीता सहित अनेक ग्रामीणों और कलाकारों ने भी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

# नौवीं पातशाही शीशगंज गुरुद्वारे में हुआ धार्मिक एवं यादगार समागम

- श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए

हरिभूमि न्यूज ⏭ तरावड़ी

शेर ए पंजाब महाराजा रणजीत सिंह जी की बरसी के उपलक्ष में तरावड़ी शहर के ऐतिहासिक नौवीं पातशाही शीशगंज गुरुद्वारे में धार्मिक एवं यादगार समागम का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन 29 जून को शाम 7 बजे से रात 10 बजे तक जारी रहेगा। हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के सदस्य प्रतिनिधि भूपेंद्र सिंह लाडी एवं प्रचारक प्रगट सिंह ने बताया कि समागम में दरबार साहिब अमृतसर से हजूरी रागी भाई सिमरप्रीत सिंह व सिंह साहिब ज्ञानी जसवंत सिंह परवाला गुरबाणी कीर्तन से संगत को निहाल करेंगे ओर गुरमत विचारों की वर्षा करेंगे। हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी की सदस्य बीबी कपूर कौर, सरपंच एसोसिएशन के प्रधान भूपेंद्र सिंह लाडी व सदस्य प्रतिनिधि गुलाब सिंह मुणक ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं ।



## एसआईआर की समीक्षा बैठक में उपायुक्त डॉ. आनंद शर्मा हुए सख्त

# बीएलओ को डिजिटाइजेशन में तेजी लाने के निर्देश

- गांव-शहर में मुनादी कर लोगों को जागरूक करने और सभी केंद्रों पर इंटरनेट सुविधा सुनिश्चित करने के आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 (एसआईआर) की प्रगति की समीक्षा को लेकर शनिवार को कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज के सभागार में उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने बीएलओ को डिजिटाइजेशन की गति तेज करने के निर्देश दिए तथा संबंधित अधिकारियों को गांवों और शहरों में सप्ताह में दो-तीन बार मुनादी कराकर लोगों को एसआईआर अभियान के प्रति जागरूक करने के आदेश दिए।

उपायुक्त ने करनाल और इंद्री में एसआईआर कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई। कुछ बीएलओ द्वारा इंटरनेट सुविधा की कमी की जानकारी दिए जाने पर उन्होंने शहरी क्षेत्रों में सुपरवाइजर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में डीडीपीओ और बीडीपीओ को छुट्टी के दिन भी नगर पालिकाओं और पंचायत घरों को खोलकर इंटरनेट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सीपीएलओ को भी इस कार्य में सहयोग करने को कहा। साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी को चिह्नित 76 स्कूलों में शनिवार शाम तक इंटरनेट एवं वाई-फाई सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने सहायक निर्वाचक पंजीयन अधिकारियों (एईआरओ) को बीएलओ और सुपरवाइजर से प्रत्येक दो घंटे में कार्य प्रगति रिपोर्ट लेने तथा तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों को गांवों का दौरा कर समस्याओं का मौके पर समाधान कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फार्म वितरण का कार्य सफलतापूर्वक पूरा हो चुका है और इस मामले में करनाल जिला प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा है। आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त स्टाफ भी उपलब्ध कराया जाएगा।



**करनाल।** एसआईआर की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा। फोटो : हरिभूमि

### आशा वर्कर्स यूनियन ने पल्स पोलियो अभियान को लेकर उठाए सवाल

**करनाल।** आशा वर्कर यूनियन जिला करनाल की ओर से 28 जून से एक जुलाई तक चलने वाले पल्स पोलियो अभियान को लेकर सरकार से पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराने की मांग की गई है। अभियान को प्रभावी बनाने के लिए जनसंख्या के अनुरूप बूथ, पर्याप्त दवा, टीम सदस्यों की संख्या और वालंटियरों के लिए उचित मानदेय सुनिश्चित किया जाना चाहिए। जिला प्रधान नीरू, सचिव सुदेश रानी और कैशियर कविता ने कहा कि बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। सामान्यतः प्रत्येक बूथ पर स्वास्थ्य कर्मी सहित चार सदस्यों की ड्यूटी लगाई जाती है, लेकिन इस बार कई स्थानों पर बूथों पर सदस्यों की संख्या कम किए जाने तथा जनसंख्या के अनुरूप दवा उपलब्ध नहीं कराने की सूचनाएं मिल रही हैं।

## न्यूज डायरी

### एसडीएम ने नाले की सफाई का निरीक्षण किया

**घरौंडा।** जिला उपायुक्त आनंद कुमार शर्मा के निर्देशों पर आगामी बरसात के मौसम को देखते हुए नगरपालिका ने शहर के प्रमुख नालों की सफाई का विशेष अभियान शुरू कर दिया है। अभियान के तहत नालों से गाद और कचरा निकालकर जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त किया जा रहा है, ताकि बारिश के दौरान जलभराव की समस्या से लोगों को राहत मिल सके। शनिवार को एसडीएम राजेश सोनी ने नगरपालिका अधिकारियों के साथ बड़े नाले की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया है और कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बरसात शुरू होने से पहले सभी नालों की पूरी तरह सफाई सुनिश्चित की जाए, ताकि शहर में कहीं भी जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो।

एसडीएम राजेश सोनी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सफाई कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए तथा निकाले गए कचरे का भी तुरंत उचित निस्तारण किया जाए। नगरपालिका सचिव रविप्रकाश शर्मा ने बताया कि शहर में नालों की सफाई करवाने के लिए टेंडर प्रक्रिया करके नालों की सफाई करवाने के लिए लगभग 20 सफाई कर्मचारी, जेसीबी व ट्रैक्टर ट्रालियां लगाई गई है ओर इसी के साथ जेसीबी मशीन से नाले की सफाई का कार्य शुरू कर दिया है और जेसीबी से सफाई करवा कर लगभग सेकड़ो ट्रेलिया अभी तक गंदे नाले से निकाल दी।

### हरियाणा कांग्रेस को मिलेगा नया नेतृत्व : पराग

**करनाल।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी के रूप में संजय दत्त की नियुक्ति पर जिला कांग्रेस कमेटी (शहरी) के अध्यक्ष पराग गाबा ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। उन्होंने विश्वास जताया कि नए प्रभारी के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी। गाबा ने कहा कि संजय दत्त संगठन के अनुभवी और कर्मठ नेता हैं, जिनकी कार्यशैली कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलने वाली रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा जैसे महत्वपूर्ण प्रदेश की जिम्मेदारी उन्हें सौंपना कांग्रेस नेतृत्व की दूरदर्शिता का परिचायक है। उन्हें पहले हिमाचल प्रदेश में संजय दत्त के मार्गदर्शन में कार्य करने का अवसर मिला था, जहां उनके संगठन के प्रति समर्पण और कार्यकर्ताओं के प्रति आत्मीय व्यवहार से काफी सीखने का मौका मिला। उन्होंने उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में पार्टी जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाते हुए प्रदेश में नई सफलताएं हासिल करेगी।

### पशुधन विकास बोर्ड के चेयरमैन का किया स्वागत



**करनाल।** महापौर रेणु बाला गुप्ता ने शनिवार को चौधरी कॉलोनी स्थित अपने निवास पर हरियाणा पशुधन विकास बोर्ड के नवनियुक्त चेयरमैन एडवोकेट अशोक कुमार सिरसी का स्वागत किया। इस दौरान भाजपा के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष बृज गुप्ता भी मौजूद रहे। महापौर ने अशोक कुमार सिरसी को नई जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके अनुभव और प्रशासनिक क्षमता का लाभ प्रदेश के पशुधन विकास, किसान कल्याण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि वे किसानों और पशुपालकों के हितों को प्राथमिकता देते हुए बेहतर कार्य करेंगे। अशोक कुमार सिरसी ने इस अवसर पर पार्टी नेतृत्व और हरियाणा सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे तथा प्रदेश के पशुधन क्षेत्र के विकास के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।

### मानसिक स्वास्थ्य ग्रीष्मकालीन शिविर का समापन



**करनाल।** पंडित चिरंजी लाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय के मानसिक स्वास्थ्य प्रकोष्ठ की ओर से आयोजित छह दिवसीय मानसिक स्वास्थ्य ग्रीष्मकालीन शिविर का शनिवार को समापन हो गया। 22 से 27 जून तक चले इस शिविर में विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों, गृहणियों और कर्मचारियों सहित 60 प्रतिभागियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार अनुज शर्मा का स्वागत जिला उच्च शिक्षा अधिकारी एवं प्राचार्या डॉ. रेखा त्यागी ने किया। उन्होंने प्रतिभागियों से शिविर में सीखी गई बातों को दैनिक जीवन में अपनाने का आह्वान किया। शिविर के दौरान तनाव प्रबंधन, माइंडफुलनेस, ध्यान, आत्मविश्वास विकास, समूह चर्चा, भावनात्मक संतुलन, काउंसलिंग तकनीक और कॉग्निटिव बिहेवियर थेरेपी जैसे विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। शिविर समन्वयक डॉ. राजेश मेहरा ने परिवार की भूमिका, सामाजिक मूल्य, भावनात्मक बुद्धिमत्ता और मानसिक स्वास्थ्य के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी दी। सिविल अस्पताल की टीम ने युवाओं को नशे से दूर रहने और स्वस्थ मानसिक जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया। प्रतिभागियों ने बताया कि शिविर से उन्हें तनाव से निपटने, सकारात्मक सोच विकसित करने और जीवन में संतुलन बनाए रखने के व्यावहारिक तरीके सीखने को मिले। समापन पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए।

### 30 जून तक मुख्य नालों की सफाई के निर्देश



**करनाल।** मानसून के दौरान शहर में जलभराव की स्थिति से बचाव के लिए नगर निगम आयुक्त सलोनी शर्मा शनिवार को स्वयं फील्ड में उतरीं। उन्होंने इंजीनियरिंग एवं स्वच्छता शाखा के अधिकारियों के साथ करीब तीन घंटे तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर प्रमुख बरसाती नालों, ड्रेनों और डिस्पोजल पंपों का निरीक्षण किया तथा सफाई कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। इससे पहले निगम कार्यालय में समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने कार्यकारी अभियंताओं से नालों की सफाई की प्रगति की जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि शहर के प्रमुख नालों की लगभग 80 प्रतिशत सफाई पूरी हो चुकी है तथा शेष कार्य तेजी से जारी है। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने मॉडल टाउन, महाराजा अग्रसेन चौक, आईटीआई चौक, बुढ़ाखेड़ा, उचानी, बलड़ी, एसपी कॉलोनी, ड्रेन नंबर-1, कर्ण कैनाल (मुगल कैनाल) के विभिन्न चरणों, जाटों गेट, चांद सराय और हांसी चौक सहित करीब 15 स्थानों का निरीक्षण किया।

उन्होंने 30 जून तक सभी मुख्य नालों की सफाई पूरी करने, छोटे नालों और नालियों की सफाई में तेजी लाने, नालों से निकाली गई गाद का तुरंत उठान कराने तथा सभी डिस्पोजल पंपों को पूरी तरह कार्यशील रखने के निर्देश दिए। राम नगर नाले की सफाई कर रही एजेंसी को श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर शेष कार्य समय पर पूरा करने को भी कहा। इसके अलावा टूटी स्लैब बदलने, ग्रामीण क्षेत्रों के नालों की सफाई और पशु डेयरियों का अपशिष्ट नालों में जाने से रोकने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कार्यकारी अभियंता प्रदीप कल्याण, प्रियंका सैनी, मोनिका शर्मा, सलाहकार महीपाल सिंह, मुख्य सफाई निरीक्षक सुरेंद्र चोपड़ा, संबंधित सहायक एवं कनिष्ठ अभियंता तथा सफाई निरीक्षक उपस्थित रहे।

### हरियाणा ग्रामीण चौकीदार सभा का 5 को प्रदर्शन




**करनाल।** हरियाणा ग्रामीण चौकीदार सभा की बैठक शनिवार को निसिंग की अनाज मंडी में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सोहनलाल ब्रास ने की, जबकि संचालन अजमेर बड़ोता ने किया। बैठक में ग्रामीण चौकीदारों की लंबित मांगों पर विस्तार से चर्चा करते हुए सरकार के प्रति रोष व्यक्त किया गया तथा पांच जुलाई को मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय, कुरुक्षेत्र में राज्यस्तरीय प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। सभा के महासचिव कलीराम और परवारा राम ने कहा कि लगातार बढ़ रही महंगाई के बावजूद पिछले तीन वर्षों से ग्रामीण चौकीदारों के मानदेय में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है।

## सीएम विंडो से जन संवाद तक हर शिकायत पर प्रशासन की पैनी नजर, लोगों को मिल रहा लाभ

# शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने वाले बख्शे नहीं जाएंगे : एडीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत


पानीपत। अधिकारियों की बैठक लेते हुए एडीसी अंकित चौकसे ।

हरियाणा सरकार द्वारा आम नागरिकों की शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लगातार निगरानी की जा रही है। इसी क्रम में आज अतिरिक्त उपायुक्त अंकित चौकसे ने जिला सचिवालय सभागार में विभिन्न विभागों की लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनता से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। अतिरिक्त उपायुक्त ने सीएम विंडो, जन संवाद, सीपी ग्राम तथा जनता समाधान शिविर से संबंधित लंबित शिकायतों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से निस्तारण में हो रही देरी के कारण पूछे और सभी मामलों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि जिन विभागों की शिकायतों का निस्तारण पूर्ण हो चुका है। उनके अधिकारियों को समीक्षा बैठक में उपस्थित होने की आवश्यकता नहीं है। केवल वही विभागीय अधिकारी बैठक में शामिल हों जिनके पास लंबित शिकायतें हैं, ताकि समीक्षा अधिक प्रभावी ढंग से की जा सके और लंबित मामलों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित हो। अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों पर गंभीरता के साथ कार्रवाई करते हुए निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें तथा प्रत्येक शिकायत की अद्यतन कार्रवाई रिपोर्ट एटीआर समय पर पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर एसडीएम मनदीप कुमार, एसडीएम समालखा अमित कुमार, डीआरओ कलब लाकड़ा, डीडीपीओ राजेश शर्मा ,एक्सईएन पीएच करण बहल, डीईओ राकेश बूरा, बीडीपीओ शक्ति सिंह शीतल, संजीव शर्मा, रमेश के अलावा नगर निगम एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## मतदाता सत्यापन फॉर्म 14 जुलाई तक जमा करें नहीं तो कट सकता है नाम

**पानीप।** जिले में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को समयबद्ध और सफल बनाने के लिए आज अतिरिक्त उपायुक्त अंकित चौकसे ने जिला सचिवालय सभागार में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में अभियान की प्रगति का विस्तृत आकलन किया गया तथा सभी संबंधित अधिकारियों और बीएलओ को निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूरा करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए। एडीसी अंकित चौकसे ने कहा कि जिले में मतदाता सत्यापन फॉर्म वितरण का कार्य अब अंतिम चरण में पहुंच चुका है। अब सभी बीएलओ पूरी गंभीरता, जिम्मेदारी और सक्रियता के साथ घर घर जाकर फॉर्म एकत्रित करें तथा 14 जुलाई से पहले प्रत्येक फॉर्म का ऑनलाइन अपलोड सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि निर्धारित समय सीमा के भीतर यदि फॉर्म जमा और अपलोड नहीं किए गए तो संबंधित मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटने की संभावना रहेगी। इसलिए नागरिक भी इस अभियान को पूरी गंभीरता से लें और प्रशासन का सहयोग करें, ताकि कोई भी पात्र मतदाता अपने मतदान के अधिकार से वंचित न रहे। वहीं एसडीएम मनदीप कुमार ने कहा कि मतदाता सत्यापन फॉर्म भरते समय नागरिक विशेष सावधानी बरतें। सभी जानकारियां स्पष्ट और सही भरें तथा निर्धारित मानकों के अनुसार ही फोटो लगाएं।

## देवताओं को भी दुर्लभ है श्रीमद्भागवत अमृत कथा : पूरन चंद महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत,


पानीपत। कथा करते हुए पूरनचंद महाराज ।

राष्ट्रहित एवं संस्कारों को समर्पित श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन बलदेव अस्पताल परिवार, सेक्टर.18 हुड्डा द्वारा श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ किया जा रहा है। कथा के दौरान श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। कथा प्रवक्ता राष्ट्रवादी, संस्कारवादी एवं हिंदूवादी पूरन चंद महाराज श्रीधाम वृंदावन, ने अपने प्रवचन में कहा कि श्रीमद्भागवत अमृत कथा देवताओं को भी दुर्लभ है। यह परम सौभाग्य प्रत्येक व्यक्ति को प्राप्त नहीं होता। जिस पर भगवान की विशेष कृपा होती है, उसी को इस दिव्य कथा के श्रवण का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा मनुष्य के जीवन को धर्म, संस्कार और भक्ति के मार्ग पर अग्रसर करती है तथा समाज में सद्भाव, सेवा और राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करती है। महाराज जी ने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि वे कथा के संदेशों को अपने जीवन में अपनाकर परिवार और समाज में भारतीय संस्कृति एवं सनातन मूल्यों का प्रचार प्रसार करें। इस कथा के यजमान डा.बलदेव राज एवं डा.पुनीत कुमार हैं। जिनके सहयोग से यह धार्मिक आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हो रहा है।

## गीता यूनिवर्सिटी में ट्राय सीरीज शुरू


समालखा,ट्राय सीरीज में भाग लेते खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ समालखा,

गीता यूनिवर्सिटी में आज गवर्मेन्ट मॉडल संस्कृति स्कूल जीटी रोड और अभिनव पब्लिक स्कूल की टीम की तीन मैचों की ट्राय सीरीज का आगाज हुआ। जिसमें गवर्मेन्ट मॉडल संस्कृति स्कूल जीटी रोड छह रनों से विजयी रहा। पहले बल्लेबाजी करते हुए गवर्मेन्ट मॉडल संस्कृति स्कूल की टीम ने 25 ओवरों में 6 विकेट के नुकसान पर 215 रनों का स्कोर बनाया। जिसमें ईशांत कश्यप ने 53, सनी ने 52 और अमन ने 32 रनों का योगदान दिया। अभिनव स्कूल की तरफ से शिवम ने 2 विकेट लिये। अभिनव स्कूल की टीम 25 ओवरों में 6 विकेट के नुकसान पर सिर्फ 209 रन ही बना सकी। अभिनव स्कूल की तरफ से देवराज ने 69 और रिजवान ने 66 रनों का योगदान दिया। सनी ने 3 और उज्ज्वल ने 1 विकेट लेकर टीम को जीत दिलाई।

### सड़क हादसे में युवक की मौत, परिवार में मातम

**कुरुक्षेत्र।** जीटी रोड पर शुक्रवार देर रात हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। हादसा शाहाबाद से पिपली रोड पर मन्नत हवेली होटल के पास हुआ। युवक रात करीब एक बजे जीटी रोड पार कर रहा था। इसी दौरान किसी तेज रफ्तार वाहन ने उसे कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद आरोपी ड्राइवर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना डायल-112 पर दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू की। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस उसकी पहचान कराने की कोशिश कर रही है। रामगढ़ गांव के रहने वाले सचिन ने बताया कि उसका शाहाबाद-पिपली रोड पर उसका ढाबा है। उसके ढाबे और हवेली होटल के आसपास एक युवक घूम रहा था। हालांकि, किसी को उसका कोई नाम या पता मालूम नहीं था।

## सनातन धर्म मंदिर सभा की बैठक में विकास व अन्य कार्यक्रमों पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत


पानीपत। मंदिर सभा की बैठक में मौजूद प्रधान तरुण गांधी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

मॉडल टाऊन स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर सभा की कार्यकारिणी की बैठक मंदिर सभा के प्रधान तरुण गांधी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मंदिर प्रबंध समिति के पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्यों ने बढ़ चढक़र भाग लिया। बैठक की शुरुआत में मंदिर परिसर में चल रहे और आगामी विकास कार्यों की समीक्षा की गई। वीं आने वाले धार्मिक त्योहारों और उत्सवों को भव्य व सुचारू रूप से मनाने के लिए विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं। तरुण गांधी ने बताया श्री सनातन धर्म मंदिर केवल आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि हमारे समाज की सांस्कृतिक और सामाजिक एकता का प्रतीक है। हम सभी का यह दायित्व है कि हम मिलकर मंदिर की व्यवस्थाओं को उत्तम बनाएं। मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा और स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने पर विशेष चर्चा हुई। उपस्थित सभी सदस्यों ने प्रधान तरुण गांधी के नेतृत्व पर पूर्ण विश्वास जताते हुए मंदिर हित में हर संभव सहयोग देने का संकल्प लिया।

## कुवि के सीडीओई में नए सत्र के लिए प्रवेश शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में उच्च शिक्षा को अधिक सुलभ, लचीला और रोजगारोन्मुख बनाने की दिशा में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर डिस्टेंस एंड ऑनलाइन एजुकेशन (सीडीओई) द्वारा जुलाई-2026 सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू की जा रही है। आवेदक 1 जुलाई से 15 सितम्बर तक इन प्रोग्राम्स में आवेदन कर सकेंगे। विश्वविद्यालय ने ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग (ओडीएन) तथा ऑनलाइन मोड के माध्यम से संचालित सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, स्नातक एवं स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। सीडीओई की निदेशिका प्रो. मंजूला चौधरी ने बताया कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य ऐसे विद्यार्थियों, नौकरीपेशा युवाओं, गृहिणियों तथा अन्य इच्छुक अभ्यर्थियों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा उपलब्ध कराना है, जो नियमित रूप से कक्षाओं में उपस्थित नहीं हो सकते। प्रो. मंजूला चौधरी ने बताया कि ओडीएल मोड के विद्यार्थियों को हरियाणा के विभिन्न शहरों में स्थापित परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा देने की सुविधा मिलेगी। साथ ही विद्यार्थियों के लिए विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा व्यक्तिगत संपर्क कक्षाएं, अद्यतन अध्ययन सामग्री तथा शैक्षणिक मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं ऑनलाइन कार्यक्रमों में विद्यार्थियों को अपनी सुविधा के अनुसार अध्ययन करने, डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म का उपयोग करने तथा विशेषज्ञ संकाय से ऑनलाइन मार्गदर्शन प्राप्त करने की सुविधा दी जाएगी।

**सत्संग** | संत कबीर के प्रकट दिवस पर सत्संग व संत समागम में उमड़े भक्त

# सद्गुरु कबीर ने मानवता, समरसता और शिक्षा का अमर संदेश दिया: महंत सुंदर

सत्संग में दभाव को त्यागकर मानव धर्म अपनाने का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत


पानीपत। सद्गुरु कबीर साहेब के प्रकट दिवस कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत करते हुए मेजबान। फोटो : हरिभूमि

सद्गुरु कबीर जन सेवा समिति द्वारा सद्गुरु कबीर साहेब के 628वें प्रकट दिवस पर 42वें सत्संग व संत समागम सद्गुरु कबीर आश्रम, ग्रीन पार्क, तहसील कैंप, पानीपत में हुआ। वहीं, महंत सुंदर दास जी साहेब (करावल नगर, दिल्ली) ने कहा कि सद्गुरु कबीर साहेब ने सत्य, प्रेम, सेवा, सद्भाव और मानवता का जो मार्ग दिखाया, वही आज के समाज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कबीर साहेब की वाणी केवल आध्यात्मिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, भाईचारे और मानव कल्याण का भी संदेश देती है। उन्होंने सभी से जाति, पंथ, उंच व नीच के भेदभाव को त्यागकर मानव धर्म अपनाने का आह्वान किया। महंत बिरंदास जी साहेब किरठल व हरिद्वार, व महंत डॉ. नीरज स्वामी रोहिणी, दिल्ली और समिति के उपाध्यक्ष व समाजसेवा वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. ओमवीर पंवार ने कहा कि सद्गुरु कबीर साहेब की विचारधारा आज भी समाज को नई दिशा प्रदान कर रही है। वहीं, सद्गुरु कबीर साहेब की विचारधारा आज भी समाज को नई दिशा प्रदान कर रही है। दूसरी ओर, कार्यक्रम में मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर हरियाणा सरकार के वरिष्ठ सचिव, खाद्य आपूर्ति विभाग, चंडीगढ़ शिव कुमार, महंत बिरंदास साहेब, महंत ओम प्रकाश साहेब, महंत डॉ. नीरज स्वामी, महंत गंगादास साहेब, महंत देव नारायण साहेब, महंत लग्न साहेब, महंत भारती साहेब, स्वामी कैलाश झा पंचकूला ने अपने सम्बोधन में जनता से कबीर साहेब की शिक्षाओं को अपनाने की अपील की। वहीं, समिति प्रधान पदम सिंह, महेंद्र गाहल्याण, विकास कुमार, समेश चंद, पालेराम पवार, अमित पवार, रामकुमार, रामपाल तोमर, नरेश कुमार, कंवर पाल, ऋषिपाल, देशराज तुंवर, ओमप्रकाश, जय भगवान, सुभाष भगत, नरेन्द्र रोशे, सुभाष सिरोही, अरविंद पवार उर्फ बिल्लू भाई, प्रमोद तोमर, संजीव गांधी, प्रमोद कुमार, जेई शिवकुमार, इलम चन्द, किरनपाल पवार, सतीश गोयल, डॉ जगबीर पवार, जेई राजकुमार, एसडीओ राकेश कुमार आदि रहे।

### 15.92 लाख रुपये की धोखाधड़ी में महिला काबू

**कुरुक्षेत्र।** पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन के मार्गदर्शन में आर्थिक अपराध शाखा द्वारा विदेश भेजने के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी के मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। यह मामला दिसंबर 2025 में थाना इस्माईलाबाद में दर्ज किया गया था। मामले की जांच के दौरान पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर 26 जून 2026 को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अमीरचंद कॉलोनी, ठसका रोड, इस्माईलाबाद निवासी दर्शन लाल ने शिकायत दी थी कि उसके पुत्र पवन कुमार को कनाडा भेजने का झांसा देकर सुखवंत सिंह, उसकी पत्नी गुरविन्द्र कौर निवासी ढकोली (मोहाली, पंजाब) तथा उनके साथी जयपाल ने वर्ष 2023 से विभिन्न किश्तों में करीब 15.92 लाख रुपये ठग लिए।

## न्यूज डायरी



### मार्केट एसोसिएशन के राहुल विरमानी बने प्रधान

**पानीपत।** नेताजी सुभाष मार्केट एसोसिएशन की आयोजित आम बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में राहुल विरमानी को एसोसिएशन का प्रधान, अमित खोवर को उपप्रधान तथा अशोक गर्ग को महासचिव, नीलू मक्कड़ सचिव, कैशियर संदीप ढींगड़ा, मीडिया प्रभारी अनिल कोचर को चुना गया। जबकि सरपरस्त मोहन छाबड़ा,चरणजीत गख्खड़, विनोद गर्ग, महावीर जांगड़ा, गुरबचन सिंह,वेतराम चुने गए। नई कार्यकारिणी के गठन पर उपस्थित सभी दुकानदारों ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों का फूल मालाओं से स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। वहीं नवनिर्वाचित प्रधान राहुल विरमानी ने कहा कि वे मार्केट के प्रत्येक दुकानदार को साथ लेकर चलेंगे तथा सभी के सहयोग से बाजार के विकास, सुरक्षा, स्वच्छता एवं व्यापारिक हितों के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित पार्षद सांची तनेजा के पति संचित तनेजा ने नव निर्वाचित टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मार्केट के व्यापारियों को किसी भी प्रकार की समस्या होने पर वे सदैव उनके साथ खड़े रहेंगे। बैठक में हरीश बंसल, रोबिन अरोड़ा, पवन गाबा, बिशबर लाल, आदित्य शाह, बंटी, आदित्य गिल, मदनलाल सैनी सहित अनेक गणमान्य व्यापारी उपस्थित रहे।

### ई-रिक्शा चालक की हादसे में मौत

**पानीपत।** पानीपत के वार्ड-11 में शनिवार दोपहर को तेज रफ्तार ऑटो रिक्शा ड्राइवर ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए आगे जा रहे ई-रिक्शा को पीछे से टक्कर मार दी। वहीं हादसे में ई-रिक्शा के चालक साठ वर्षीय शमशेर की मौत हो गई। वहीं थाना किला पुलिस ने शमशेर के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रख दिया। पुलिस ने सड़क हादसे के इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### विवाह समारोह में मारपीट, थाने में शिकायत

**पानीपत।** पानीपत के हुडा सेक्टर -25 में चल रहे विवाह समारोह में एसी नहीं चलने पर हुए विवाद में होटल संचालक वत्सल सिंगला व विवाह समारोह का आयोजन कर रहे हुडा सेक्टर-24 निवासी अनुराग व इनके रिश्तेदार घायल हो गए। दूसरी ओर, थाना चांदनी बाग को वत्सल सिंगला व अनुराग ने एक दूसरे के खिलाफ शिकायत दी है। वहीं, पुलिस ने दोनों की शिकायतें लेकर इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### जूस में नशीला पदार्थ मिलाकर महिला से दुष्कर्म

**पानीपत।** पानीपत की एक कालोनी में निवास कर रही महिला के साथ प्रॉपर्टी डीलर ने जूस में नशीला पदार्थ पिला कर उसके साथ दुष्कर्म किया। प्रॉपर्टी डीलर ने कथित पीड़िता को उसका मकान मुनाफे में बिकवाने का झांसा देने उसके घर आया था। इधर महिला को जब होश आया तो उसने प्रॉपर्टी डीलर का विरोध किया। महिला का आरोप है कि प्रॉपर्टी डीलर ने अपने साथियों को बुलाकर पीड़ित परिवार को जान से मारने की धमकियां दीं। दूसरी ओर, पीड़ित महिला की शिकायत पर थाना किला पुलिस ने उसके बयान दर्ज किए और मेडिकल जांच करवाई। पुलिस ने आरोपी प्रॉपर्टी डीलर व उसके साथियों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बूंदाबांदी से बढ़ी उमस, गर्मी से हाल बेहाल

**पानीपत।** पानीपत में शनिवार को भीषण गर्मी के दौरान बहुत हलकी बूंदाबांदी हुई। इस बूंदाबांदी से नागरिकों को गर्मी से तो राहत मिली नहीं, वहीं, वातावरण में उमस और अधिक बढ़ गई। गर्मी व उमस के चलते नागरिक बेहाल हो गए। नागरिक भगवान से बारिश के लिए प्रार्थना कर रहे है।

### बिट्टा ने नरेंद्र के परिवार को ढांढस बंधाया

**समालखा।** अखिल भारतीय आतंकवाद विरोधी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनिंदरजीत सिंह बिट्टा शनिवार को गांव डिकाड़ला पहुंचे। उन्होंने 10 जून को हुए ट्रिपल मर्डर कांड में मारे गए मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेंद्र डिकाड़ला के पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उनका ढांढस बांधते हुए पीडित हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। दूसरी ओर, मीडिया से बात करते हुए बिट्टा ने बताया कि नरेंद्र डिकाड़ला से उनका वर्षों पुराना पारिवारिक संबंध था। इधर, बिट्टा ने प्रशासन व पुलिस से मामले में फरार सभी आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग करते हुए कहा कि ग्रामीण अंचल में हत्या जैसे घटनाएं हमारे समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने दावा किया कि युवाओं में संस्कार की कमी के चलते अपराध का ग्राफ बढ रहा है।

### बैठक में सरपंच व पंच में मारपीट, दी शिकायत

**इसराना।** पानीपत में इसराना के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय में शुक्रवार को गवालडा गांव की पंचायत बैठक के दौरान हंगामा हो गया। कार्यवाही रजिस्टर पर हस्ताक्षर करने को लेकर सरपंच दीपक शर्मा व पंच रमेश के बीच हाथापाई हो गई। इधर, शर्मा व रमेश ने एक दूसरे के खिलाफ इसराना थाना में शिकायत दी है। पुलिस ने दोनों की शिकायतें लेकर इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पुलिस ने बाइक चोर पकड़े, वारदात स्वीकारी

**पानीपत।** एंटी व्हीकल थेप्ट पुलिस टीम ने मित्तल मेगा मॉल के पास से अमित पुत्र शीतल निवासी घूप सिंह नगर, पानीपत और बिंटू पुत्र महाबीर निवासी गांव देहरा जिला पानीपत को चोरी की एक बाइक के साथ गिरफ्तार किया। थानेदार एंटी व्हीकल थेफ्ट विंग राकेश ने बताया कि आरोपियों ने बाइक 19 जून की देर रात घूप सिंह नगर में एक मकान से चोरी करना स्वीकारा है। वहीं, बाइक चोरी की उक्त वारदात बारे थाना चांदनी बाग में गांव महराणा निवासी महेश पुत्र सुरेंद्र की शिकायत पर केस दर्ज है।

### डा.अर्चना गुप्ता का अभिनंदन समारोह आज

**पानीपत।** नवनियुक्त भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डा.अर्चना गुप्ता का अभिनंदन समारोह 28 जून को आयोजित किया जा रहा है। जिसमें विशिष्ठ अतिथि हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा, विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार, सांसद संजय भाटिया, उत्तर प्रदेश के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप व मेयर कोमल सैनी, विधायक प्रमोद विज, मन मोहन भड़ाना, भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट रहेंगे। आज 28 जून को जीटी रोड स्थित रोड़ धर्मशाला में प्रातः10 बजे पिछड़ा वर्ग की ओर से आयोजित स्वागत समारोह को लेकर समारोह के संयोजक एवं भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष रफ ल सिंह कश्यप ने यह जानकारी देते हुए पिछड़ा वर्ग के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में समारोह में भाग लेने की अपील की।

### चेयरमैन देवेंद्र पांचाल का अभिनंदन समारोह आज

**पानीपत।** हरी नगर स्थित पांचाल धर्मशाला में हरियाणा सरकार द्वारा कोऑपरेटिव लेबर एंड कंस्ट्रक्शन फेडरेशन लिमिटेड के नवनियुक्त चेयरमैन देवेंद्र पांचाल का अभिनंदन समारोह 28 जून को प्रातः 10 बजे समस्त पांचाल समाज द्वारा किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए हरिनगर पांचाल धर्मशाला के प्रधान कप्तान पांचाल ने बताया की समारोह में देवेंद्र पांचाल मुख्य अतिथि होंगे, जबकि अति विशिष्ट अतिथि के रूप में हरियाणा सरकार के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा रहेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, जिला पार्षद वार्ड नंबर 13 शिखा पांचाल, वार्ड नंबर 6 निगम पार्षद कोमल पांचाल बतौर विशिष्ट मौजूद रहेंगे। उन्होंने समाज के लोगों से अपील की कि वह अधिक से अधिक संख्याद में समारोह में भाग लेकर हमारा हौसला बढ़ाएं व नवनियुक्त चेयरमैन देवेंद्र पांचाल का स्वागत करें।

### सींक की सरपंच नीलम का राष्ट्रीय स्तर पर चयन

**इसराना।** पानीपत के गांव सींक की सरपंच नीलम का चयन राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित कार्यक्रम 'सी प्रेजेंट्स' के लिए होने पर पूरे गांव और खंड इसराना में खुशी का माहौल है। इस कार्यक्रम का आयोजन इंडियन स्कूल ऑफ़ डेमोक्रेसी द्वारा किया जा रहा है, जिसमें देशभर से चयनित जनप्रतिनिधि भाग लेंगे।गौरतलब है कि सरपंच नीलम को ग्राम विकास एवं उत्कृष्ट कार्यों के लिए इससे पहले भी दिल्ली में सम्मानित किया जा चुका है। अब एक बार फिर उन्हें देश के नए संसद भवन में आयोजित विशेष कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण मिला है। यह इसराना उपमंडल के लिए गर्व की बात है कि पानीपत जिले से इस विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए चयनित होने वाली वह इकलौती महिला सरपंच हैं।सरपंच नीलम 27 जून से 30 जुलाई तक आयोजित विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेंगी। इस दौरान उन्हें ग्राम विकास, सुशासन, नेतृत्व क्षमता और महिला सशक्तिकरण से जुड़े विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण से प्राप्त अनुभव और नई जानकारियों का लाभ वे अपने गांव के विकास कार्यों में भी देंगी।सरपंच नीलम के इस राष्ट्रीय स्तर पर चयन से गांव सींक सहित पूरे इसराना क्षेत्र में खुशी की लहर है। ग्रामीणों और क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने इसे क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

## खबर संक्षेप

### पशु चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** सीआईए-1 की टीम ने भैंस चोरी के मामले में संलिप्त दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से 45,000 रुपये की नकद राशि भी बरामद की गई है। सीआईए-1 निरीक्षक हरजिंद्र सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता सूरता सिंह निवासी गांव हुमांयूपुर ने 26 फरवरी 2026 को एक शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार, 25 और 26 फरवरी 2026 की दरमियानी रात को अज्ञात चोरों ने गांव हुमांयूपुर से उनकी दो भैंसें चोरी कर ली । पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने तुरंत संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। जांच के दौरान अब पुलिस ने यूपी के साजिद व बुरहान को काबू किया है।

### बाइक चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना सेक्टर-9 अंबाला शहर पुलिस ने बाइक चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए मामले में संलिप्त आरोपी को काबू किया। शिकायतकर्ता बलबीर सिंह ने 25 मई 2026 को शिकायत दी थी कि सेक्टर-10 अंबाला शहर से आरोपी ने उसकी बाइक चोरी की है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी। जांच के दौरान पुलिस ने मामले में संलिप्त आरोपी सूरज को काबू किया है।

### आज पिलाई जाएगी पोलियो की खुराक

**अंबाला।** सिविल सर्जन डॉ. रेनू बेरी ने बताया कि पल्स पोलियों अभियान (एनआईडी) 28 जून 2026 को होना सुनिश्चित हुआ है। जिसके अंतर्गत 28 जून 2026 को पोलियो बूथ पर पोलियो की दवाई पिलाई जाएगी तथा 29 जून 2026 से 30 जून 2026 तक घर-घर जाकर पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। उन्होंने सभी लोगों से 0 से पांच साल तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि यह अभियान तभी सफल होगा जब लोग जागरुक होंगे।

### गांव जटवाड़ के आंबेड़कर भवन में रात्रि ठहराव 30 को

**अंबाला।** गांव जटवाड़ के आंबेड़कर भवन में 30 जून को दोपहर बाद 5 बजे रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी नगराधीश अभिषेक गर्ग ने दी। उन्होंने बताया कि रात्रि ठहराव कार्यक्रम में सभी विभागाध्यक्ष उपस्थित रहेंगे। उन्होंने इसके विभागीय अधिकारियों को जरुरी व्यवस्थाएं भी करने के आदेश दिए हैं। रात्रि ठहराव में ग्रामीणों की शिकायतें सुनकर उन पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

### चलाई जा रही हैं अनेक योजनाएं

**अंबाला।** जिला कल्याण अधिकारी शिशपाल ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, अनुसूचित जातियां एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण और अंतोदय विभाग के माध्यम से विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाएं चलाई हुई हैं । इनमें मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना, मुख्यमंत्री सामाजिक, समरसता अंतंराज्यीय विवाह शगुन योजना, डॉ. भीमराव अंबेड़कर मेधावी छात्रवृति संशोधित योजना के साथ-साथ अन्य शामिल हैं। उन्होंने बताया कि पात्र व्यक्ति इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए ऑनलाईन आवेदन कर सकता है।

## भाकियू ने कार्रवाई का किया पुरजोर विरोध

# कुर्बानपुर में विवादित जमीन पर प्रशासन के कब्जे के बाद तनाव

**कार्रवाई का किसान कर रहे विरोध, बोले सियासी दबाव में हुआ धक्का**

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

गांव कर्बानपुर में विवादित करीब 12 एकड़ कृषि भूमि पर प्रशासन के कब्जे से तनाव की स्थिति है। किसानों का आरोप है कि प्रशासन ने धक्के से जमीन कब्जाई है। हालांकि किसानों ने प्रशासनिक कार्रवाई के बाद जमीन पर दोबारा कब्जा लेने का प्रयास किया है। मगर भारी पुलिस बल ने किसानों को ऐसा करने से रोक दिया है। बीते रोज इस सिलसिले में एक दर्जन किसानों को हिरासत में लिया था। हालांकि अभी तक किसी भी किसान के खिलाफ केस दर्ज करने की कार्रवाई नहीं हुई है। भारतीय किसान यूनियन शहीद भगत सिंह के अध्यक्ष अमरजीत सिंह मोहड़ी ने कहा कि यह प्रशासन का धक्का है। प्रशासन सुप्रीमकोर्ट के आदेशों की धज्जियां उड़ाकर बदले की नीयत से कार्रवाई कर रहा है। दरअसल पिछले काफी समय से कुर्बानपुर में 12 एकड़ जमीन को लेकर प्रशासन व किसानों के बीच कानूनी लड़ाई लड़ी जा रही थी। प्रशासन इस जमीन को अपनी बता रहा है जबकि किसानों का तर्क है कि यह मुस्तरका खाते की जमीन है। उनका आरोप है कि न तो प्रशासन इस जमीन की मालिक है न ही पंचायत के पास इसकी मलकीयत का अधिकार है। गांव के ही कुछ किसान परिवारों के नाम दस्तावेजों में यह जमीन बोल रही है। किसानों का कहना है कि जमीन से होने वाली आमदनी गांव के गुरुघर को जाती थी। मगर अब प्रशासन के कब्जे के बाद गुरुघर की आमदनी बंद हो जाएगी। भारतीय किसान यूनियन शहीद भगत सिंह से जुड़े किसानों ने प्रशासन पर सुप्रीम कोर्ट के स्थगन आदेश की अवहेलना करने का आरोप लगाया है। शुक्रवार को जब प्रशासन की ओर से यहां पर कब्जे की कार्रवाई हुई तो तभी भारतीय किसान यूनियन शहीद भगत सिंह के नेता भी पहुंच गया। उन्होंने विरोध किया तो पुलिस ने टकराव के दौरान करीब एक दर्जन किसानों को हिरासत में ले लिया गया था।

**पुलिस ने एक दर्जन किसानों के साथ तीन ट्रेक्टरों को भी लिया था कब्जे में, किसानों के विरोध की वजह से रिहाई**



अंबाला। जमीन पर कब्जे के दौरान किसानों से भिड़ते पुलिस के जवान।



### गांव में पुलिस बल तैनात

कुर्बानपुर में कब्जे की कार्रवाई के बाद गांव में तनाव की स्थिति देखी जा रही है। ज्यादातर किसान प्रशासन की कार्रवाई से बेहद आहत हैं। उनका आरोप है कि प्रशासन ने किसानों के साथ धक्का किया है। सियासी हस्तक्षेप की वजह से प्रशासन किसानों को निशाना बना रहा है। किसानों ने कहा कि कोई भी परिवार जमीन से होने वाली आमदनी का व्यक्तिगत इस्तेमाल नहीं कर रहा था। इसके बावजूद प्रशासन जमीन पर काफी दिन से कब्जे की योजना बना रही थी। उन्होंने कहा कि अदालती आदेशों में कहीं भी यह क्लीयर नहीं है कि जमीन पंचायत या फिर प्रशासन की है।

### पुलिस की कार्रवाई पर हुआ टकराव

जमीन पर कब्जे के दौरान पुलिस व किसानों के बीच कड़ा टकराव हो गया था। इस दौरान कब्जे की कार्रवाई का विरोध करने वाले किसानों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। सभी किसानों को अंबाला शहर के सेक्टर 9 थाना में लाया गया। यहां भारी संख्या में किसान थाने के बाहर जमा हो गए। किसानों ने यहां कार्रवाई के खिलाफ मोर्चा लगा दिया। थाने के बाहर किसानों ने सभी सहयोगियों की रिहाई के साथ ही जब्त ट्रेक्टर छोड़ने की मांग की। साथ ही जमीन से कब्जा हटाने की भी मांग की। किसानों ने कहा कि जब तक प्रशासन मामले में कानूनन सही फैसला नहीं करता तब जमीन के कब्जे की कार्रवाई रुकनी चाहिए। पुलिस की कार्रवाई के बाद भड़के किसानों ने पुलिस व प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। भारतीय किसान यूनियन से तेजवीर सिंह ने बताया कि जब तक उनके गिरफ्तार साथियों को छोड़ा नहीं जाता और जब्त ट्रैक्टरों को नहीं छोड़ा जाता, तब तक उनका यह धरना-प्रदर्शन अनवरत जारी रहेगा। शाम को छह बजे पुलिस ट्रेक्टर छोड़ने को तैयार हो गई मगर किसान इस बात पर अड़ गए कि उनके मोबाइल भी दिए जाएं जोकि पुलिस द्वारा वीडियो बनाने पर छीन लिए गए थे।



मुलाना। क्षेत्र में काटी अवैध कालोनी का दृश्य। फोटो : हरिभूमि

# प्रॉपर्टी डीलरों के बहकावे में आकर अवैध कॉलोनियों में न खरीदें प्लॉट

- जिला नगर योजनाकार ने कहा कि चिह्नित किए जाने के बाद होगी बड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलाना

क्षेत्र में अवैध कॉलोनी पर पीला पंजा चलाये जाने के बाद जिला नगर योजनाकार रोहित चौहान का कहना है कि वह पहले भी आम जन से प्रॉपर्टी डीलरों के बहकावे में आकर प्लाट न खरीदें। उन्होंने कहा कि बिना पूरी जानकारी प्राप्त किए प्लाट की खरीद करने पर जीवन भर की जमा पूंजी बर्बाद हो सकती है। खरीद से पहले डीलर से यह जरूर पता कर लें कि वह कॉलोनी वैध है या अवैध। चौहान ने बताया कि वह चिह्नित कर रहे हैं कि कौनसी कॉलोनी को उनके द्वारा अवैध घोषित किया गया है। अगर उसमें प्लाटिंग की जा रही है तो अगले कुछ ही समय में ऐसी कॉलोनियों पर उनके द्वारा कार्रवाई की जाएगी। जिला नगर योजनाकार ने बताया कि उनके द्वारा आमजन को सचेत करने के लिए बराड़ा तहसील कार्यालय, खंड विकास अधिकारी कार्यालय, उपतहसील मुलाना , साहा और अन्य में भी अवैध खसरा नंबरों के बोर्ड भी लगवाए हैं । उनमें अवैध कॉलोनियों काटे जाने की उन्हें खबरें मिल रही हैं।। ऐसी कॉलोनियों की अब चिह्नित किया जा रहा है। बहुत जल्दी ही बराड़ा व मुलाना क्षेत्र में ऐसी कॉलोनियों पर कड़ी कार्रवाई होगी। जिला नगर योजनाकार ने यह भी कहा कि अवैध घोषित कॉलोनियों के प्लाटों की रजिसट्रियां कैसे हो रही हैं यह तो बराड़ा,मुलाना के तहसीलदार या नायब तहसीलदार ही बता सकते है।।

### जल्द कार्रवाई

बराड़ा तहसील और एसडीएम कार्यालय के सामने करीब 7,8 एकड़ में काटी जा रही रही एक अवैध कॉलोनी उनकी नजर में है जिस पर जल्द कार्रवाई हो सकती है। ऐसे में उन्होंने यहां प्लॉट खरीदने वालों को सचेत किया कि ऐसी अवैध कॉलोनियों में प्लाट न खरीदें। उन्होंने कहा कि वक्फ बोर्ड की जमीन पर काटे जाने वाली अवैध कालोनी पर कार्रवाई तो वक्फ बोर्ड ही करवा सकता है। बता दें कि बराड़ा व मुलाना क्षेत्र में चाहे दोसड़का रोड हो या एमएम मुलाना रोड हो यहां तक कि तहसील कार्यालय के ठीक सामने ही अवैधॉलोनियों का जाल बिछ गया है। अवैध घोषित कॉलोनियों की रजिस्ट्री हो रही है। दलालों द्वारा उच्चाधिकारियों तक सुविधा शुल्क पंहुचाया जा रहा है। मगर प्रशासन सरकार मौन धारण किए हुए है।

# कार की टक्कर से राहगीर घायल

- पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद,हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

बराड़ा-अधोया रोड पर शनिवार को तेज रफ्तार कार की टक्कर से एक राहगीर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा एक किराना स्टोर के समीप उस समय हुआ, जब व्यक्ति सड़क पार कर रहा था। टक्कर इतनी भीषण थी कि घायल कई फीट तक हवा में उछलकर सड़क पर बने डिवाइडर पर जा गिरा। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। हादसे में घायल की पहचान मोहनलाल के रूप में हुई है। दुर्घटना के तुरंत बाद आसपास के दुकानदारों और राहगीरों ने मानवता का परिचय देते हुए घायल को उपचार के लिए मुलाना स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज जारी है। चिकित्सकों के अनुसार उन्हें गंभीर चोटें आई हैं। घटना की सूचना मिलते ही बराड़ा पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। घायल के परिजनों ने पुलिस को शिकायत देकर फरार चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि दुर्घटना में शामिल कार यमुनानगर की बताई जा रही है। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज अपने कब्जे में लेकर आरोपी चालक की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए हैं। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच जारी है और जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



बराड़ा। हादसे में घायल मोहन लाल।

# शिक्षकों ने सीखी आधुनिक शिक्षण तकनीक

- शिक्षण व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने के लिए आयोजित कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी-2020) के अनुरूप शिक्षण व्यवस्था को अधिक प्रभावी, आधुनिक और परिणामोन्मुखी बनाने के उद्देश्य से डीएवी पब्लिक स्कूल, में शनिवार को दो दिवसीय नीड-बेस्ड कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम फॉर टीचर्स का शुभारंभ हुआ। कार्यशाला के पहले दिन विभिन्न विषयों पर आयोजित तकनीकी सत्रों में शिक्षकों को नवीन शिक्षण विधियों, गतिविधि आधारित शिक्षण तथा विद्यार्थियों की सीखने की क्षमता बढ़ाने संबंधी व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यशाला का आयोजन क्षेत्रीय निदेशक (एआरओ) डॉ. विकास कोहली के मार्गदर्शन एवं डीएवी पब्लिक स्कूल की प्राचार्या अनुजा भारद्वाज की देखरेख में किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के वरिष्ठ शिक्षाविदों ने कोर्स कन्वीनर के रूप में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इनमें डॉ. विकास कोहली (पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल, अंबाला सिटी), डॉ. आर.आर. सूरी (मुरलीधर डीएवी, अंबाला सिटी), विपुला अरोड़ा (मॉडल टाउन डीएवी, अंबाला सिटी), मीनाक्षी लांबा (मेजर आरएन कपूर डीएवी, अंबाला कैंट), अनूप चोपड़ा (पुलिस डीएवी, यमुनानगर) तथा मेजबान विद्यालय की प्राचार्या अनुजा भारद्वाज विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रशिक्षण शिविर में अंबाला, यमुनानगर, नारायणगढ़, सढौरा, रादौर और बराड़ा सहित विभिन्न डीएवी शिक्षण संस्थानों एवं आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल तथा के.पी.ए.के. महाविद्यालय के शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



बराड़ा। कार्यशाला में भाग लेते प्रतिभागी टीचर। फोटो : हरिभूमि

### प्रशिक्षण अत्यंत उपयोग

दिनभर चले विषयवार तकनीकी सत्रों में विशेषज्ञ रिसोर्स पर्सन्स ने अकाउंटेंसी, बिजनेस स्टडीज, अर्थशास्त्र, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, हिंदी, संस्कृत, गणित, शारीरिक शिक्षा एवं धर्म शिक्षा जैसे विषयों के प्रभावी अध्यापन की नवीन तकनीकों से शिक्षकों को अवगत कराया।कार्यशाला के पहले दिन का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। प्रतिभागी शिक्षकों ने प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी बताते कहा कि इससे उनके शिक्षण कौशल में निश्चित रूप से वृद्धि होगी।

# थंबड़ विद्यालय में चलाया व्यापक स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थम्बड़ में शनिवार को व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान को ग्राम पंचायत थम्बड़ के सरपंच रोहतास राणा एवं समाजसेवी अशोक राणा के सहयोग तथा विद्यालय की प्रधानाचार्या मनभावनी भल्ला के विशेष प्रयासों से सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। इस अभियान के दौरान विद्यालय के खेल मैदान, प्रांगण, पेड़ों के आसपास उगी झाड़ियों, खरपतवार तथा सूखी घास को हटाकर पूरे परिसर की व्यापक साफ-सफाई की गई। स्वच्छता अभियान के माध्यम से विद्यालय परिसर को साफ, सुरक्षित एवं आकर्षक स्वरूप प्रदान किया गया, जिससे विद्यार्थियों को स्वच्छ एवं सकारात्मक शिक्षण वातावरण उपलब्ध हो सके। इस अवसर पर प्रधानाचार्या मनभावनी भल्ला ने ग्राम पंचायत थम्बड़, सरपंच रोहतास राणा, अशोक राणा तथा अभियान में सहयोग देने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ विद्यालय ही स्वस्थ एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की आधारशिला है।

**विद्यार्थियों को मिलेगा स्वच्छ वातावरण**

# पंचायती रिकॉर्ड न देने पर निलंबित सरपंच के खिलाफ मामला दर्ज

## सर्च वारंट के दौरान भी जब्त हुआ था जरुरी रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

मोहड़ा ग्राम पंचायत की निलंबित सरपंच कमलजीत कौर के खिलाफ थाना पड़ाव में केस दर्ज किया गया है। उन पर पंचायत का जरूरी रिकॉर्ड अपने पास छिपाकर रखने और प्रशासन द्वारा सर्च वारंट जारी करने के बाद भी उसे न सौंपने का आरोप है। पुलिस ने खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### मामले से जुड़े साक्ष्य जुटाए

अंबाला कैंट के बीडीपीओ की ओर से दी गई शिकायत के अनुसार, कमलजीत कौर के पास पंचायत का रिकॉर्ड होने की जानकारी मिली थी। इसके बाद उपमंडल मजिस्ट्रेट अंबाला कैंट के आदेशों पर सर्च वारंट की पालना करते हुए पूर्व सरपंच के घर तलाशी ली गई। इस दौरान केवल 9 कार्यवाही रजिस्टर, कुछ बैंक पासबुक और चेक बुक ही बरामद हो सकीं। मौजूदा कार्यवाहक सरपंच और ग्राम सचिव ने प्रशासन को बताया कि अभी भी पंचायत की कैशबुक, स्टॉक रजिस्टर, एमबी, वाउचर फाइल और वर्ष 2022 से संबंधित तमाम पुराना रिकॉर्ड पूर्व सरपंच के पास ही है। रिकॉर्ड न मिलने से गांव के सफाईकर्मियों का मानदेय जारी करने और अन्य आवश्यक सरकारी रिपोर्ट तैयार करने में अड़चन आ रही है। जांच अधिकारी मोहित ने मामले से जुड़े साक्ष्य जुटाए। अधिकारी का कहना है कि नियमानुसार रिकॉर्ड बरामदगी की कार्रवाई की जा रही है।



### मासिक गोष्ठी में रंगमंचीय प्रस्तुतियों ने बांधा समा

**पंचकूला।** आर्ट एंड लिटरेरी जोन की मासिक गोष्ठी वरिष्ठ नागरिक कौंसिल के सभागार में उत्साह, उमंग और रचनात्मक ऊर्जा के साथ आयोजित की गई। कार्यक्रम में 30 सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही। ज़ोन की चेयरपर्सन डॉ. नीरू मित्तल 'नीर' ने सभी सदस्यों का आत्मीय स्वागत करते साहित्य के साथ कला की उपयोगिता और महत्त्व पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. नीरू मित्तल 'नीर', सुनील मिनोचा तथा शशि चड्ढा द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुआ। इसके उपरांत वलिंदर कौर ने मधुर एवं भावपूर्ण सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।इस अवसर पर नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने निवर्तमान टीम को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए ससम्मान विदाई दी और कौंसिल के सचिव एच सी गेरा ने नवनिर्वाचित टीम का पुष्प से स्वागत किया। कार्यक्रम का कुशल और प्रभावशाली संचालन सुनील मिनोचा तथा शशि चड्ढा ने किया।इस माह की गोष्ठी का विषय 'थिएट्रिकल आर्ट' रखा गया था, जिसके अंतर्गत सदस्यों ने स्किट, मिमिक्री, मोनो एक्टिंग और अभिनय की विविध प्रस्तुतियों से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। अचला डिंगले ने प्रसिद्ध गायकों की शानदार मिमिक्री प्रस्तुत कर खूब तालियाँ बटोरीं।

### 33 लाख रुपये की धोखाधड़ी में दो काबू

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर पुलिस ने मुस्तैदी से कार्रवाई करते हुए जमीन बेचने के नाम पर लाखों रुपयों की धोखाधड़ी करने के मामले में दो आरोपियों को काबू करने में सफलता प्राप्त की है। शिकायतकर्ता रमेश कुमार ने 6 मई 2026 को एक लिखित शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत के अनुसार, 03 फरवरी 2025 से 12 अप्रैल 2026 के बीच आरोपी सुरेश पाल व उसके अन्य साथियों ने मानव चौक, जलबेहड़ा रोड पर स्थित 5 एकड़ जमीन बेचने का झांसा देकर शिकायतकर्ता से लगभग 33 लाख रुपये की मोटी रकम धोखाधड़ी से हड़प ली थी। आरोपियों ने न केवल जमीन पर पहले से लिए गए लोन (ऋण) की बात शिकायतकर्ता से छिपाकर रखी, बल्कि उस जमीन से मिट्टी भी उठवाकर बेच दी। जब शिकायतकर्ता ने जमीन की रजिस्ट्री करने या पैसे वापस करने का दबाव बनाया, तो आरोपियों ने न तो पैसे लौटाए और न ही जमीन उसके नाम की। इस मामले में अब आरोपी सुरेश पाल व आरोपी राज कुमार को काबू किया गया है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

**निरीक्षण** अधिकारियों को जरुरी निर्देश बोले- नालों की सफाई को लेकर नहीं होनी चाहिए लापरवाही

# बरसाती सीजन से पहले नालों की सफाई का संपदा अधिकारी ने लिया जायजा

**नालों मे किसी भी तरह का पोलीथीन अन्य सामान न डालें**

- अपने-अपने क्षेत्रों में पड़ने वाली नालों व ड्रेनों की सफाई व्यवस्था का जायजा ले अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की संपदा अधिकारी नीलम ने शनिवार को अंबाला शहर के अंतर्गत आने वाले नालों की सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। संपदा अधिकारी नीलम ने सफाई व्यवस्था के दृष्टिगत जेल लैंड के नजदीक से निकलने वाली ड्रेन की सफाई व्यवस्था के दृष्टिगत कैलाश नगर, इंको ड्रेन, रेलवे लाईन के नजदीक, लक्ष्मी नगर, वाटिका तक ड्रेन की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया।



अंबाला। नालों की सफाई को लेकर जरुरी निर्देश देती संपदा अधिकारी नीलम।

### अवरुद्ध न हो

उन्होंने यह भी कहा कि मानसून सीजन कभी भी आ सकता है, इसलिए ड्रेनों व नालों की सफाई व्यवस्था ठीक होनी चाहिए। उन्होंने आमजन से भी अपील की कि वे नालों मे किसी भी तरह का पोलीथीन व अन्य न डालें। ऐसे करने से नाले अवरूद्ध हो जाते हैं और बरसात के मौसम में बरसाती पानी की निकासी में दिक्कत आती है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रथम चरण में नालों की सफाई व्यवस्था का कार्य हुआ है।

उन्होंने मौके पर अधिकारियों से सफाई की विस्तार से जानकारी ली।

### ये रहे मौजूद

बता दें कि उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बीते दो दिन पहले विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर उन्हें स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि मानसून से पहले-पहले नालों की सफाई व्यवस्था करवाना सुनिश्चित करें। एसडीएम को भी निर्देश दिए गए हैं कि वे भी अपने-अपने क्षेत्रों में पड़ने वाली नालों व ड्रेनों की सफाई व्यवस्था का जायजा लें। इस मौके पर कार्यकारी अभियंता कर्णवीर, कार्यकारी अभियंता सुमित मलिक, सफाई निरीक्षक राज कुमार भी मौजूद रहे।

### खिलाड़ियों को मिलेंगी बेहतरीन सुविधाएं

**अंबाला।** खेल और फिटनेस को नई ऊंचाइयां देने की दिशा में अंबाला रेल मंडल ने नई पहल की है। मंडल रेल प्रबंधक विनोद भाटिया ने नवनिर्मित अत्याधुनिक तरंग रेलवे स्टेडियम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता व खेल अधिकारी चंद्रकांत मूंगरे सहित रेलवे के आला अधिकारी मौजूद रहे।स्टेडियम की शुरुआत एक रोमांचक क्रिकेट मैच के साथ हुई। इसमें खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर सुविधाओं की झलक पेश की। रेल प्रशासन का कहना है कि यह स्टेडियम न केवल रेलवे कर्मचारियों बल्कि स्थानीय युवाओं और खेल प्रेमियों के लिए भी मील का पत्थर साबित होगा।जल्द ही इसे आम जनता के लिए बुकिंग के लिए खोल दिया जाएगा। यहां अंतरराष्ट्रीय मानकों के क्रिकेट ग्राउंड के साथ-साथ इनडोर बैडमिंटन कोर्ट, बास्केटबॉल, टेनिस कोर्ट और बॉक्सिंग रिंग जैसी विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध हैं।

# मन-जीवन को कर रहा अशांत
# सोशल मीडिया नोटिफिकेशंस

स्पेशल: वर्ल्ड सोशल मीडिया-डे, 30 जून

आज के दौर में अधिकांश लोग किसी न किसी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से जुड़े हुए हैं। लेकिन हाल के सालों में देखने में आ रहा है कि इन पर दिन में कई-कई बार आने वाले नोटिफिकेशंस से लोगों का मन-जीवन बेचैन और अशांत होता जा रहा है। इसके पीछे क्या वजहें हैं, इनका क्या प्रभाव पड़ता है और इनसे कैसे बच सकते हैं, आपको जरूर जानना चाहिए।





कवर स्टोरी / डॉ. मोनिका शर्मा

कभी किसी परिचित के सुंदर घर की तस्वीर तो कभी किसी फ्रेंड के विदेश घूम आने के अपडेट, वर्चुअल दुनिया में जुड़े किसी अनजान वर्चुअल मित्र ने अचानक अपना लुक बदल लिया, तो किसी के बच्चों की कमाल की उपलब्धियां। सब कुछ स्क्रीन के जरिए हम तक पहुंचता रहता है। हर उम्र के लोगों में लगातार सोशल मीडिया पर अपडेट रहने और दूसरों को अपडेट करने की सोच बढ़ रही है। इस वजह से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के नोटिफिकेशन की टोन कई बार मन को बेचैन करने वाली दस्तक-सी लगने लगती है। दूसरों के लुक्स, करियर, महंगे शौक और एडवेंचरस ट्रिप्स को देखकर मन में कमतरी के भाव आने लगते हैं। जबकि वास्तविकता यह है कि किसी के भी जीवन की हकीकत इतनी सुंदर-सहज नहीं होती है, जितनी सोशल मीडिया पर दिखती है। ऐसे में बनावटी-सजावटी आभासी दुनिया के बहकावे में आने के बजाय अपने मन-जीवन को साधना जरूरी है।



### बढ़ने लगी है तुलनात्मक प्रवृत्ति

आज के दौर में स्क्रीन के जरिए दस्तक देता कंटेंट, हर उम्र के लोगों को कमतरी और बेहतरी के जाल में उलझा रहा है। शुभ कार्य हों या कोई व्यक्तिगत उपलब्धि, आभासी दुनिया में अजीब से नाप-तौल वाले मनोभावों से देखी, समझी और स्वीकारी जाने लगी है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से लेकर फैमिली ग्रुप्स में शेयर की जाने वाली सूचनाओं और क्लिक्स तक, हर बात और जज्बात तुलना करने की सोच की ओर धकेल रहा है। इसके चलते मन में आने वाली अनचाही तल्खी, व्यावहारिक जिंदगी की भरपूर समझ होने के बावजूद, दिलो-दिमाग को बोझिल कर रही है। सुंदरता, सहृदयता और संपन्नता की जो चमक स्क्रीन पर तैरते अपडेट्स में दिखती है, वही जीवन का सच नहीं है, यह जानते-बूझते हुए भी रंग-रूप, कद-काठी और उपलब्धियों से लेकर खुशियों और उत्सवीय रंग-ढंग तक एक असंतोष की भावना पनप रही है। ध्यान रहे कि सोशल मीडिया के जरिए क्लिक भर में आप तक पहुंच जाने वाले कंटेंट से तुलना का भाव स्वयं यूजर्स में तो बढ़ ही रहा है। बाजार ने भी इसे बढ़ाया है क्योंकि यह भी एक तरह की मार्केटिंग स्ट्रेटेजी ही है।

### गहरा होता है कमतरी का भाव

जाने-अनजाने लोगों के अपडेट्स देखकर पैदा हो रहा तुलना का भाव, खुद के जीवन में कमियां देखने को प्रेरित कर रहा है। इसके चलते हमारा मन रिश्तों, जीवनशैली और अपने हिस्से आए स्नेह-सम्मान की भी अनदेखी करने लगता है। नतीजतन जिंदगी की नेमतों को लेकर शुक्रिया कहने के भाव की जगह शिकायतों ने ले ली है। नोटिफिकेशन टोन के साथ पल-पल में अवतरित होते संदेश, सूचनाएं, चित्र, असंतुष्टि भरी सोच और बेचैनी भी साथ लाते हैं। विशेषज्ञ भी मानते हैं कि वर्चुअल दुनिया में अपने दोस्तों, रिश्तेदारों और दूसरे जाने-अनजाने चेहरों के अपडेट्स हर उम्र के लोगों के लिए व्यक्तिगत जीवन में असंतुष्टि की बड़ी वजह बन रहे हैं। स्मार्ट गैजेट्स की स्क्रीन के जरिए अमूमन अपनों-परायों तक अपनी कमियां, कमजोरियां और दिल की कसक नहीं पहुंचाई जाती। यह जानते-समझते हुए भी दूसरों के चमकदार, सफल और सुखी दिखते जीवन की वर्चुअल आभा में खुद को कहीं कमतर महसूस करने का भाव पनपने लगता है। नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर के शोधकर्ताओं द्वारा किए गए एक अध्ययन के मुताबिक आमतौर पर सोशल मीडिया पर लोग अपने बारे में सकारात्मक जानकारी ही प्रस्तुत करते हैं। फिल्टर्स का उपयोग करके अपनी उपस्थिति को और प्रभावी बना देते हैं। इसके चलते यह लगने लगता है कि हमारे मित्र या संबंधी कितने सुंदर हैं! कितने सफल हैं! इससे कई बार ऐसा भी लगने लगता है कि हमारे अलावा सब के पास सब कुछ है, सब बहुत खुश और संतुष्ट हैं, जबकि यह एक आभासी सोच भर होती है।



### खो रहीं सहज-सी खुशियां

लगातार मिलने वाले सोशल मीडिया नोटिफिकेशंस के जरिए इंसानी व्यवहार और विचार में चाहे-अनचाहे स्क्रीन पर दिखी तस्वीरों, सूचनाओं और उपलब्धियों का ही लेखा-जोखा रहने लगता है। ऐसे में हम उस सुख को भी भूल जाते हैं, जो हमारी झोली में मौजूद होते हैं। इसकी वजह यह भी है कि वास्तविक दुनिया में तुलना करने के दायरे में बहुत कम लोग शामिल होते हैं। सोशल मीडिया का डिजिटल यूनिवर्स, दूसरों के साथ तुलना करने की स्थितियों को कई गुना बढ़ा देता है। समझना जरूरी है कि दूसरों की जिंदगी के वर्चुअल अपडेट्स में दिखने और होने के फर्क को समझते हुए अपने जीवन की सहजता को बनाए रखिए। अपनी खुशियों को जीने से दूरी मत बनाइए। *

### सही नहीं सबका पीछा करना




दूसरों के मीडिया अपडेट्स के चलते मन में आ रही खिन्नता लोगों को उनका फॉलोअर बना देती है। हम हरदम यह जानने की कोशिश में लगे रहते हैं कि उनके ताजा अपडेट्स क्या हैं? आज उनकी क्या गतिविधियां हैं? अन्य लोग उनको कैसे और कितनी सराहना कर रहे हैं? दूर बैठे लोगों की जिंदगी का पीछा करने की सोच से ऐसी बातों के चलते खुद आपके जज्बात बदलने लगते हैं। मन-जीवन में असंतोष भरी स्याह उदासी जगह बना लेती है। यहां तक कि ईर्ष्या का भाव भी पनपने लगता है। सोचने वाली बात यह है कि यह सब होने की कोई वास्तविक वजह ही नहीं होती है। सोच-समझकर दी गई जानकारियां और बना-संवारकर साझा की गई तस्वीरें लोगों को हैरान-परेशान करती हैं, जबकि खुद उनके ही द्वारा साझा की जा रही सामग्री के इतर उनके जीवन की असलियत का दूसरों को कोई अंदाजा ही नहीं। ऐसे में यह आदत बेवजह आपकी ऊर्जा और समय खपाने लगती है। सोशल मीडिया का उपयोग यूजर्स जिस इरादे से करते हैं, उनके मन-मस्तिष्क पर वैसा ही असर पड़ता है। बिना सोचे-समझे दूसरों के अपडेट्स के इंतजार में स्क्रीन स्क्रॉल करने से अवसाद और घबराहट पैदा होती है। जिन लोगों के अपडेट्स मन में भटकाव या नकारात्मक भाव लाते हैं, उन्हें अनफॉलो कीजिए। चिंतित और उदास महसूस करवाने वाले कंटेंट से दूरी बनाएं। वर्चुअल दुनिया हो या असल संसार औरों से ज्यादा अपनी जिंदगी में रुचि रखिए।



भारत के सरकारी स्पेस इंस्टीट्यूट इसरो की उपलब्धियां तो जगजाहिर हैं ही, अब इसी के नक्शेकदम पर चलते हुए कई स्पेसटेक निजी कंपनियां भी देश-दुनिया में अपनी धाक जमा रही हैं। स्पेसटेक के क्षेत्र में नित नई ऊंचाई हासिल कर रही देश की प्राइवेट स्पेसटेक कंपनियों की अचीवमेंट पर एक नजर।

# अंतरिक्ष में नई ऊंचाइयां छू रहीं
# देश की निजी स्पेसटेक कंपनियां

अचीवमेंट
संजय श्रीवास्तव

हाल में 'गैलेक्सआई' द्वारा मिशन दृष्टि नामक दुनिया का पहला ऑप्टोसार उपग्रह सफलतापूर्वक लॉन्च करने के बाद दुनिया भर की मीडिया में भारत की निजी स्पेस कंपनियों की कम लागत के साथ तकनीकी दक्षता तथा इस आधार पर वैश्विक अंतरिक्ष बाजार में उनकी तीव्र बढ़त की चर्चा हो रही है।

**गैलेक्सआई ने रचा इतिहास:** जब भारत ने 'मिशन दृष्टि' के तहत 190 किलो वजनी दुनिया का पहला ऑप्टोसार उपग्रह अमेरिका के कैलिफोर्निया स्थित वैंडेनबर्ग स्पेस फोर्स बेस से स्पेसएक्स के फाल्कन 9 रॉकेट के जरिए प्रक्षेपित किया, तब बहुतों ने गैलेक्सआई का नाम पहली बार सुना। देश ने स्पेस तकनीकी क्षमता का लोहा वैश्विक स्तर पर मनवाया हो और खबरों में इसरो की जगह देश के सबसे बड़ा पृथ्वी अवलोकन उपग्रह बनाने वाली किसी ऐसी निजी कंपनी का नाम सुर्खियों में शामिल हो, जिसके अस्तित्व में आए महज पांच साल हुए हैं, ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। इतने कम समय में यह अनूठी सफलता हासिल कर इसने बता दिया है कि भारत के निजी अंतरिक्ष क्षेत्र की प्रगति कितनी तेज गति से हो रही है।




**बहुपयोगी है इसकी तकनीक:** गैलेक्सआई द्वारा लांच मिशन दृष्टि की ऑप्टोसार तकनीक में इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल यानी ईओ और सिंथेटिक, पर्चर रडार या एसएआर सेंसर को एक ही प्लेटफॉर्म पर जोड़ा गया है। इस संयोजन के कारण यह उपग्रह हर मौसम और दिन-रात में डेटा संग्रह करने में सक्षम है। यह क्षमता अब तक सीमित देशों या अलग-अलग प्रणालियों में बंटी हुई थी, जबकि भारत ने इसे एकीकृत रूप में प्रस्तुत किया है। वैश्विक संदर्भ में देखें तो अमेरिका, चीन और कुछ यूरोपीय देश पृथ्वी अवलोकन में अग्रणी रहे हैं, लेकिन रणनीतिक दृष्टि से 'गेम चेंजर' ऑप्टोसार तकनीक जैसी एकीकृत प्रणाली भारत को तकनीकी बढ़त देती है। यह उपग्रह सेना को डेढ़ मीटर के दायरे में सीमा पार की सटीक जानकारी देगा। कृषि मॉनिटरिंग, आपदा प्रबंधन, तटीय सुरक्षा और शहरी नियोजन जैसे क्षेत्रों में इसकी उपयोगिता व्यापक है। बाढ़ या चक्रवात के समय यह त्वरित और सटीक डेटा निर्णय लेने की क्षमता को कई गुना बढ़ा सकता है। इस प्रकार 'मिशन दृष्टि' ड्यूल-यूज टेक्नोलॉजी का उत्कृष्ट उदाहरण है, जिससे नागरिक और सैन्य दोनों लाभ एक साथ प्राप्त होंगे।

**कई और कंपनियां भी हैं एक्टिव:** गैलेक्सआई तो महज एक उदाहरण है, देश में इसरो के साथ मिलकर काम करने वाली कॉमर्शियल स्पेस इंडस्ट्री स्टैब्लिश हो चुकी है। अनुमान है कि फिलवक्त निजी क्षेत्र में 400 स्पेसटेक स्टार्टअप काम कर रहे हैं। 150 से ज्यादा कंपनियां छोटे उपग्रह, लॉन्च व्हीकल्स, अर्थ ऑब्जर्वर और एआई एनालिटिक्स आदि पर शानदार काम कर रही हैं। स्काईरूट एयरोस्पेस, जिसने निजी क्षेत्र का पहला सफल रॉकेट विक्रम एस. बनाया और हाइपरस्पेक्ट्रल इमेजिंग में वैश्विक पहचान बनाने वाली पिक्सेल कंपनी से सभी परिचित हैं। अग्निकुल कॉस्मॉस, जो थ्री-डी प्रिंटेड इंजन अग्निलेट का निर्माण कर सुर्खियों में आई थी, अब उपग्रहों के लिए स्पेसएक्स की स्पेस बस की अवधारणा से उलट एक स्पेस 'टैक्सी' बनाना चाहती है। थ्री-डी प्रिंटरों का उपयोग करके, यह फॉलकन 9 से छोटे और दोबारा इस्तेमाल होने वाले रॉकेट बनाने की सोच रहा है, जिन्हें ग्राहक की इच्छानुसार कहीं से भी लॉन्च किया जा सकता है और उनके उपग्रह को ठीक उसी कक्षा में सटीकता से स्थापित किया जा सकता है, जिसकी उसे जरूरत है। मुमकिन है कि इस साल के अंत तक वह लक्ष्य पा लें। दिगांत्रा कंपनी एक कक्षीय हवाई-यातायात नियंत्रक के रूप में काम कर रही है, जो विभिन्न कंपनियों के उपग्रहों के अंतरिक्ष मलबे से टकराने के जोखिम की निगरानी में मदद करती है।

**हो रहा वैश्विक प्रसार:** देश की ये स्पेसटेक कंपनियां देश से बाहर भी अपनी धाक जमा रही हैं। आज पिक्सेल नासा के साथ डेटा साझेदारी कर रही है, तो स्काईरूट अंतरराष्ट्रीय ग्राहक लॉन्च सेवाएं दे रही है और ध्रुव स्पेस ग्लोबल सैटेलाइट सेवाओं में आगे है। इसी तरह तमाम निजी स्पेस कंपनियां विभिन्न परियोजनाओं पर काम कर रही हैं यानी शोधरत हैं। भारतीय प्राइवेट स्पेस कंपनियों की बढ़ती प्रसिद्धि के पीछे कारण यह है कि भारतीय स्पेसटेक कंपनियों का मॉडल 'कम लागत पर उच्च-दक्षता नवाचार' पर आधारित है। स्पेस टेक की दिशा में भारत अब 'सेवा प्रदाता' से 'तकनीक प्रदाता' बन रहा है। इसीलिए उम्मीद की जा रही है कि भारतीय स्पेसटेक व्यापार 2030 तक 40 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा। *

गजल
डॉ. माणिक विश्वकर्मा 'नवरंग'

## भूल गए हैं लोग सलीका

भूल गए हैं लोग सलीका आमंत्रण का,
भाव नहीं दिखता आंखों में अपनेपन का।
भरमाने वाले पेड़ों की भीड़ लगी है,
मोल नहीं होता कानन में अब चंदन का।
याद किसी की आने पर सर दीवारों से
टकराए तो दोष नहीं होता दरपन का।
इकदिन उम्र ढला करती है सबकी जग में,
धीरे-धीरे रंग उतरता है आनन का।
साथ न हो गर मन का मीत सफर में 'नवरंग'
लगने लगता है हर मौसम फिर बेमन का।

व्यंग्य / सूर्यदीप कुशवाहा

मेहमान इन पकवानों पर ऐसे टूट पड़ते हैं, जैसे इसके बाद कभी उन्हें खाना मिलेगा ही नहीं। एक तरफ मेहमान पकवान उड़ाते हैं, उधर लड़की के बाप का बीपी बढ़ता जाता है।

## शादी का झमेला



आजकल समाज में शादी-ब्याह केवल दो आत्माओं का मिलन नहीं, बल्कि दो परिवारों के बैंक बैलेंस, प्रतिष्ठा और धैर्य की परीक्षा का महायज्ञ बन गया है। यह वह अवसर होता है, जब एक अदना-सा इंसान अचानक शादी समारोह प्रबंधक बन जाता है और अपनी सारी जमापूंजी, साख और यहां तक कि भविष्य को सुरक्षित बनाने के लिए रखी गई पूंजी भी एक रात के दिखावे में झोंक देता है।

समारोह में दुल्हन को इतना पेंट किया जाता है कि पेंट किया हुआ घर भी फीका दिखने लगता है। चेहरे पर पुताई की इतनी परतें होती हैं कि अगर दुल्हन को छींक आ जाए, तो आस-पास के लोग उस गुबार से लाल हो जाएं। इसे ब्राइडल ग्लो कहा जाता है, जो सुबह होते ही वॉटरप्रूफ न होने की स्थिति में बह जाता है। आम धारणा है कि दुल्हन का लहंगा भी उतना ही भारी होना चाहिए, जितना दुल्हन के पिता का सिर कर्ज के बोझ से भारी हो जाता है।

शादी समारोह अब रिश्तों का उत्सव कम और कॉम्पिटिशन ज्यादा बन गया है। पड़ोसी की बेटी की शादी में पचास पकवान थे, तो हमें शुभ इक्यावन करने ही होंगे। चाहे इसके लिए पिता को क्यों न बैंक से लोन लेना पड़े। लगन के इस मौसम में सबसे ज्यादा प्रभाव उस मध्यमवर्गीय पिता पर होता है, जो तीन घंटे के दिखावे के लिए तीस साल की कमाई स्वाहा कर देता है। मेहमानों को खिलाने के लिए मेनू में तरह-तरह के व्यंजन होते हैं, जिसमें से अधिकतर मेहमान केवल वही स्पेशल डिश खाते हैं, जो उनके घर में नहीं बनते हैं। मेहमान इन पकवानों पर ऐसे टूट पड़ते हैं, जैसे इसके बाद कभी उन्हें खाना मिलेगा ही नहीं। एक तरफ मेहमान पकवान उड़ाते हैं, उधर लड़की के बाप का बीपी बढ़ता जाता है। यह ऐसा मेला है, जहां रिश्तेदार यह देखने आते हैं कि हलवाई ने पनीर की सब्जी में पनीर डाला था या सिर्फ ग्रेवी? वास्तव में शादी में आए मेहमानों का मुख्य उद्देश्य दूल्हा-दुल्हन को आशीर्वाद देना नहीं, बल्कि समारोह में कमियां उघाड़ना होता है। बिना बात नाराज होने वाले दूल्हे के फूफाजी अगर पनीर के चार टुकड़े खा लें तो यह उनकी दयालुता मानी जाती है। ये वही लोग होते हैं, जो अपनी बेटी की शादी में सबसे कंजूसी करते हैं, लेकिन दूसरे की शादी में फाइव स्टार होटल जैसी सुविधा चाहते हैं। इनके लिए शादी एक फ्री फूड फेस्टिवल होता है, जहां वे वीआईपी बन अपनी पसंद का खाना न मिलने पर दुल्हन के पिता को कोस और लताड़ सकते हैं। लेकिन समारोह का असली मजा या सजा सड़क पर बारात के रूप में मिलता है। डीजे वाले बाबू चाहे कैसा भी गाना बजाएं, बारातियों को तो बस वही एक स्टेप आता है-नागिन डांस। ऐसा लगता है जैसे सांपों ने पूरी बारात को डस लिया हो। दूल्हा घोड़ी पर बैठा ऐसे मुस्कुराता है, जैसे उसने देश के लिए स्वर्ण पदक जीता हो, जबकि सच्चाई यह है कि वह कुछ ही देर में स्वतंत्रता से परतंत्रता की ओर कदम बढ़ाने वाला होता है।

हर कोई चाहता है कि उसकी शादी यादगार हो। शायद इसीलिए आज के दौर में शादी समारोह समाज के सामने अपनी औकात बताने का एक जरिया बन गया है। शादी के बाद दूल्हा-दुल्हन शान से नई कार में घूमते हैं और पीछे दुल्हन के पिता उस कार की ईएमआई भरते हैं। इसे ही लड़की का बाप कहते हैं। *

पुस्तक चर्चा / मेनका त्रिपाठी

## संवेदना-संघर्ष का कथालोक




हाल में प्रकाशित हुआ विक्रम सिंह का कहानी-संग्रह 'आवारा अदाकार' समकालीन जीवन की जटिलताओं, विडंबनाओं और मानवीय संघर्षों के दस्तावेज की तरह है। उनकी कहानियों में एक ओर यथार्थ की खुरदुरी जमीन दिखाई देती है, तो दूसरी ओर कल्पना की ऐसी ऊंचाई भी, जो साधारण जीवन को अर्थपूर्ण बना देती है। यही कारण है कि उनकी कहानियां केवल घटनाओं का विवरण नहीं लगतीं, बल्कि पाठक के भीतर संवेदना और विचार दोनों को जगाती हैं।

लेखक ने खाड़ी देशों में संघर्षरत मजदूरों की पीड़ा, कोरोना काल की त्रासदी, बेरोजगार युवाओं की बेचैनी, इंटरनेट ठगी और आभासी रिश्तों के खोखलेपन जैसे समकालीन विषयों को अत्यंत संवेदनशीलता से उठाया है। वे केवल दुख की दास्तां नहीं सुनाते, बल्कि जीवन की कठोर परिस्थितियों के बीच मनुष्य की जिजीविषा और छोटे-छोटे सुखों की तलाश को भी रेखांकित करते हैं। उनकी भाषा सहज, प्रवाहपूर्ण और आज के जीवन के जीवंत मुहावरों से भरपूर है। संवादों में स्वाभाविकता है, जिससे पात्र पाठक के बेहद करीब आ जाते हैं। हालांकि, विविध विषयों के कारण कहीं-कहीं कथ्य का हल्का बिखराव दिखाई देता है, फिर भी उनकी रचनात्मक ईमानदारी और मानवीय दृष्टि इस कमी को ढंक लेती है। *

**पुस्तक:** आवारा अदाकार (कहानी संग्रह), **लेखक:** विक्रम सिंह,
**मूल्य:** 250 रुपए, **प्रकाशक:** लोकभारती प्रकाशन, प्रयागराज





टूरिस्ट प्लेसेस / समीर चौधरी

## बाली-मालदीव जैसे ही अमेजिंग हैं
# ये भारतीय द्वीप-समुद्र तट

खूबसूरत समुद्र तट और द्वीपों का शानदार नजारा देखने के लिए अनेक टूरिस्ट, बाली या मालदीव का रुख करना पसंद करते हैं। जबकि अपने देश भारत में भी कुछ ऐसे द्वीप और समुद्र तट मौजूद हैं, जो किसी मायने में बाली-मालदीव से कम नहीं हैं। कौन से हैं ये अमेजिंग टूरिस्ट प्लेसेस और क्या हैं इनकी खासियतें, जानकर आप भी इनका दीदार करने से खुद को रोक नहीं पाएंगे।

### मिनी मालदीव जैसा तर्कारली-मालवण, महाराष्ट्र

महाराष्ट्र के कोंकण तट पर तर्कारली व मालवण को महाराष्ट्र का मिनी मालदीव भी कहा जाता है। दरअसल, यहां का साफ पानी पर्यटकों का मन मोह लेता है। सिंधुदुर्ग जिले में स्थित यह तट सी बीचेज, शांत बैकवाटर्स के लिए जाना जाता है। यहां स्कूबा डाइविंग, स्नोरकेलिंग या पैरासेलिंग जैसे वाटर स्पोर्ट्स और एक्टिविटीज बहुत कम खर्च में उपलब्ध हैं। तर्कारली में आपको स्थानीय कोंकणी संस्कृति देखने को मिलेगी। सिंधुदुर्ग किले में बोट राइड्स का आनंद लिया जा सकता है। यहां के स्थानीय रेस्तराओं में मालवणी सीफूड थाली का लुत्फ उठाया जा सकता है। यहां पहुंचने के लिए सबसे नजदीकी रेलवे स्टेशन कुदाल और सिंधुदुर्ग हैं। यह स्थल गोवा एयरपोर्ट से कुछ ही घंटों के फासले पर है। *

### शांत समुद्री किनारे वाला स्वराज द्वीप, अंडमान



स्वराज द्वीप (पुराना नाम-हेवलॉक द्वीप) आपको जीवंत ट्रॉपिकल द्वीप का अनुभव प्रदान करता है। यह अंडमान व निकोबार द्वीप समूह का हिस्सा है और अपने शानदार सी बीचेज के लिए विख्यात है। यहां गोताखोरी का आनंद खूब लिया जाता है। यहां जंगलों से भरे समुद्र के किनारे हैं और वातावरण बिल्कुल शांत रहता है। इस द्वीप का मुख्य आकर्षण राधानगर बीच है, जो अपने सफेद रेत के कारण एशिया के सबसे आकर्षक सी बीचेज में गिना जाता है। यहां डूबते हुए सूरज का नजारा देखने लायक होता है। पर्यटक यहां विभिन्न वाटर स्पोर्ट्स का भी मजा ले सकते हैं। यहां जाने का सबसे आसान रास्ता यह है कि पोर्ट ब्लेयर के अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर फ्लाइट से उतरने के बाद स्वराज द्वीप के लिए फेरी ले ली जाए, जो डेढ़ से ढाई घंटे के बीच में आपको द्वीप पर पहुंचा देगी। *

### पर्यटकों-योगप्रेमियों के लिए जन्नत के जैसा गोकर्ण, कर्नाटक



कर्नाटक में स्थित गोकर्ण, दिलकश तटीय आकर्षण से आध्यात्मिकता का मिलन कराता है। यहां महाबलेश्वर मंदिर साल भर भक्तों को आकर्षित करता है और शांत बीच जैसे ओम, कुड्ले व हाफ मून पर्यटकों और योग प्रेमियों के लिए जन्नत हैं। यहां आप चट्टानों के पास वाकिंग, बीचसाइड कैफे में खाने-पीने के साथ वाटर स्पोर्ट्स का आनंद ले सकते हैं। अरब सागर के किनारे रिलैक्स भी कर सकते हैं। गोकर्ण का ग्रामीण एहसास इसे और अनोखा बना देता है। *

### बाली के सर्फ-टाउन जैसा नजारा वर्कला, केरलम



जो पर्यटक बाली की सर्फ-टाउन एनर्जी से आकर्षित होते हैं, उन्हें वर्कला में लगभग वही वातावरण मिलेगा। यह केरलम के दक्षिणी तट पर स्थित है। यह टाउन लाल चट्टानों के इर्द-गिर्द बसा हुआ है, जहां के होमस्टे से अरब सागर का नजारा मिलता है। उत्तरी चट्टान क्षेत्र, समय गुजारने के लिए सबसे अच्छी जगह है। यहां स्मूदी कैफे, सफर स्कूल, आयुर्वेदिक मसाज केंद्र और रूफटॉप स्पॉट्स हैं, जहां शाम गुजारते हुए आनंद आ जाता है जो रात तक जारी रहता है। सर्फिंग वर्कला की पहचान बन गई है। यहां आने वाले पर्यटक बाली की तरह ही सप्ताह भर का सर्फ व स्टे पैकेज लेते हैं। यहां तक पहुंचने के लिए करीबी रेलवे स्टेशन वर्कला सिवगीरी है। *



### मालदीव का एहसास कराता लक्षद्वीप

भारत में मालदीव से सबसे अधिक मिलती-जुलती जगह लक्षद्वीप है। छोटे-छोटे कोरल द्वीप, नीले रंग के शानदार शेड्स में छोटे-छोटे लगून और भीड़-भाड़ से दूर सफेद रेत के समुद्र तट। ये सब समानताएं एकदम मालदीव में होने का एहसास कराती हैं। अरब सागर में केरलम के तट पर फैला हुआ लक्षद्वीप 36 कोरल द्वीपों से बना हुआ है, हालांकि इनमें से कुछ द्वीप ही पर्यटकों के लिए खुले हुए हैं। अगत्ती, बंगाराम और थिन्नाकारा द्वीपों पर लोग अधिक जाना पसंद करते हैं, विशेषकर वे टूरिस्ट, जो शांत, एकांत में स्टे को प्राथमिकता देते हैं। यहां आप कोरल रीफ पर स्नोरकेलिंग, शांत लगूनों में कयाकिंग, स्कूबा डाइविंग के जरिए फिश के साथ गोता लगाते हुए या समुद्र के किनारे चहलकदमी करने का आनंद ले सकते हैं। लक्षद्वीप पहुंचने के लिए अगत्ती मुख्य प्रवेश द्वार माना जाता है क्योंकि द्वीपों के इस समूह में केवल यहीं पर एकमात्र एयरपोर्ट है। कोच्ची से यहां पहुंचने में लगभग 90 मिनट की हवाई यात्रा करनी होती है। *

## अनिश्चित परिस्थितियों में ऐसे रहें आर्थिक रूप से सुरक्षित

अवेयरनेस / शिखर चंद जैन



हालांकि ईरान-अमेरिका में अभी युद्ध विराम चल रहा है, लेकिन अभी भी परिस्थितियां अनिश्चित बनी हुई हैं। ऐसे में आने वाले दिनों में आर्थिक परिदृश्य क्या होगा, कुछ नहीं कहा जा सकता। इसलिए समझदारी इसी में है अपनी आर्थिक योजनाएं समझदारी से बनाई जाएं। आपके लिए उपयोगी सलाह।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की हालिया रिपोर्ट और कई अर्थशास्त्रियों के अनुसार, मध्य-पूर्व में हुए युद्ध से वैश्विक अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान हुआ है। अगर आने वाले दिनों में शांति बरकरार रहती है तो भी आर्थिक दशा पहले जैसी होने में कई महीने से लेकर कुछ साल लग सकते हैं। ऐसे में व्यक्तिगत आर्थिक सुरक्षा और वित्तीय स्थिरता के लिए कुछ बातों पर ध्यान देना जरूरी है।

**मुद्रास्फीति का प्रभाव:** युद्ध और आपूर्ति श्रंखला में रुकावटों के कारण ऊर्जा, खाद्य और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में तेजी का रुख है। आमदनी का बड़ा हिस्सा खर्च होने से बचने के लिए बजट में कटौती और गैर-जरूरी खर्चों को रोकना जरूरी है।



**इमरजेंसी फंड:** आर्थिक मंदी या नौकरी के संकट के समय कम से कम 6 से 12 महीने का मासिक खर्च इमरजेंसी फंड में रखना चाहिए। इसे आसानी से निकाले जा सकने वाले साधनों या सेविंग एकाउंट में रखना बहुत उपयोगी होता है।

**सुरक्षित निवेश:** संकट के समय शेयर बाजारों में भारी उतार-चढ़ाव आते हैं। जैसा पिछले तीन महीने तक लगातार चले युद्ध के दौरान हम सबने देश-दुनिया में देखा। ऐसे में वित्तीय सलाहकार गोल्ड या सॉवरेन बॉन्ड जैसे सुरक्षित और स्थिर निवेश विकल्पों को पोर्टफोलियो का हिस्सा बनाने की सलाह देते हैं।

**लोन-ईएमआई का प्रबंधन:** बढ़ती ब्याज दरों के कारण लोन की किस्तें बढ़ सकती हैं। इसलिए सबसे पहले महंगे कर्ज (जैसे पर्सनल लोन या क्रेडिट कार्ड का बकाया) को चुकाना चाहिए ताकि मासिक बोझ कम हो सके। इससे आप काफी राहत महसूस करेंगे।

**स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग:** वैश्विक तनाव के कारण विदेशों से आयातित सामानों की कीमत और उपलब्धता प्रभावित हो जाती है। साथ ही देश की मुद्रा भी प्रभावित होती है। इसलिए अपने दैनिक जीवन और व्यापार में स्थानीय उत्पादों का उपयोग बढ़ाना सुरक्षित रहता है। इसलिए देश में बनने वाली चीजें ही खरीदें।

**आय के नए स्रोत अपनाएं:** नौकरी जाने से होने वाले संकट से बचने के लिए स्किल्स को अपग्रेड करते रहें और फ्रीलांसिंग, निवेश या ऑनलाइन माध्यमों से आय के अतिरिक्त स्रोत बनाने पर ध्यान दें, ताकि आय का एक स्रोत बाधित हो तो दूसरे का सहारा मिले।

**महंगी देनदारियों से छुटकारा पाएं:** हाई इंट्रेस्ट वाले लोन, जैसे क्रेडिट कार्ड का बकाया या पर्सनल लोन में आपकी मेहनत की कमाई का एक बड़ा भाग खर्च होता है और आपकी बचत कमजोर होती है। ऐसे में आप इन उच्च ब्याज वाले कर्ज का भुगतान जल्द से जल्द करें। इससे जो पैसा आप ब्याज बचाने में लगाते हैं, उसे रिटायरमेंट फंड में निवेश किया जा सकता है।

**पर्याप्त बीमा कवर करें:** अचानक कोई बीमारी या दुर्घटना होने पर किसी पर भी भारी आर्थिक बोझ पड़ जाता है। इससे राहत के लिए टर्म लाइफ इंश्योरेंस और हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसीज जरूर लेना चाहिए।

**समय के साथ रिटायरमेंट फंड बढ़ाएं:** महंगाई दर समय के साथ पैसे के मूल्य को कम करती है। आपकी लाइफस्टाइल और खर्च रिटायरमेंट के समय तक बढ़ जाएंगे। इसलिए अपनी रिटायरमेंट योजना की नियमित रूप से समीक्षा करें (कम से कम सालाना)। जैसे-जैसे आपकी इनकम बढ़ती है (वेतन वृद्धि, बोनस), अपने मंथली रिटायरमेंट इन्वेस्टमेंट फंड को भी बढ़ाएं।

कहने का सार है कि इस दौर में सही इंवेस्टमेंट, सेविंग्स और बजट से ना केवल आपको फाइनेंसियल सिक्योरिटी मिलेगी, बल्कि फ्यूचर की कई परेशानियों से भी बचा जा सकता है। *

**(वित्तीय सलाहकार प्रदीप अग्रवाल और चार्टर्ड एकाउंटेंट शुभम तोदी से बातचीत पर आधारित)**

प्रकृति / अंजू जैन

देश-दुनिया में अनेक ऐसी नदियां हैं, जो अपनी विविध उपयोगिताओं के साथ-साथ अपने अद्भुत सौंदर्य के लिए भी जानी जाती हैं। विश्व की कुछ सबसे खूबसूरत नदियों के बारे में जानिए।

## दुनिया की सबसे खूबसूरत नदियां



नदियां इस धरती पर मानव सभ्यता के विकास का केंद्र रही हैं। इसके अलावा यातायात का अनूठा मार्ग होने के साथ ही ये किसी भी देश की अर्थव्यवस्था के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण होती हैं। इसके अलावा कई शहरों में पेय जल की आपूर्ति और सिंचाई के लिए भी नदियों का उपयोग सदियों से होता आ रहा है। इन खूबियों के अलावा देश-दुनिया भर में कई नदियां अपनी प्राकृतिक सुंदरता, ऐतिहासिक महत्व और अद्भुत पारिस्थितिकी के लिए भी जानी जाती हैं।

**कानो क्रिस्टेलस कोलंबिया:** कोलंबिया के मेटा प्रांत में सेरानिया-डे ला मैकेरेना नेशनल पार्क में स्थित यह नदी बेहद खूबसूरत और जादुई लगती है। यह अपनी प्राकृतिक सुंदरता और रंग बदलने की क्षमता के लिए दुनिया भर में प्रसिद्ध है। कानो क्रिस्टेलस की यात्रा आपको प्रकृति के बिल्कुल करीब ले जाती है और यह ईको-टूरिज्म का एक बेहतरीन उदाहरण है। इसे पांच रंगों की नदी भी कहा जाता है। पानी का रंग बदलने का मुख्य कारण नदी में मौजूद मैक्रेनिया क्लेविगेरा नामक शैवाल हैं। बारिश के मौसम में जब इनको सही धूप और पानी मिलता है, तो ये चमकीले लाल और अन्य रंगों में खिल जाते हैं। इन्हीं के कारण पानी के नीचे लाल, पीला, हरा, नीला और काला रंग दिखाई देता है। इसीलिए कानो क्रिस्टेलस नदी को लिक्विड रेनबो यानी तरल इंद्रधनुष भी कहते हैं। यह अद्भुत नजारा मुख्य रूप से जुलाई से नवंबर के बीच (वर्षा ऋतु के दौरान) दिखाई देता है।



**ली नदी, चीन:** चीन की 'ली' नदी के आस-पास स्थित नुकीले चूना पत्थर के पहाड़ इसे किसी पारंपरिक चीनी पेंटिंग जैसा दृश्य प्रदान करते हैं। गुइलिन से यांग्शुओ तक बहने वाली यह नदी चूना पत्थर के ऊंचे पहाड़ों के बीच से गुजरती है। यह दृश्य इतना आइकॉनिक है कि इसे चीन के 20 युआन के नोट पर भी दर्शाया गया है। सदियों से इस नदी ने चीनी चित्रकारों और कवियों को प्रेरित किया है।



**सोका नदी स्लोवेनिया:** यह नदी अपनी शुद्धता और पन्ना जैसे हरे रंग के कारण प्रसिद्ध है। इसे प्यार से 'पन्ना ब्यूटी' कहा जाता है। यह नदी आल्प्स पर्वतमाला से निकलती है और अपनी पूरी लंबाई के दौरान अपना जादुई रंग बरकरार रखती है, जो कि बहुत दुर्लभ है। जुगैलियन आल्प्स से बहने वाली यह नदी अत्यधिक साफ-सुथरी होने के लिए भी जानी जाती है।



**फुटालेउफू नदी अर्जेंटीना/चिली:** फुटालेउफू नदी अर्जेंटीना और चिली के उत्तरी पेटागोनिया क्षेत्र में स्थित एक बेहद शानदार और प्राकृतिक रूप से समृद्ध नदी है। पेटागोनिया के पहाड़ों से निकलने वाली यह नदी अपने आश्चर्यजनक रूप से साफ, फिरोजी नीले पानी और शानदार राफ्टिंग रूट्स के लिए जानी जाती है। यह अपनी बेमिसाल सुंदरता, उग्र जलधाराओं और विश्व-स्तरीय साहसिक खेलों के केंद्र के रूप में दुनियाभर में मशहूर है। मापुचे भाषा में 'फुटालेउफू' का अर्थ 'बड़ी नदी' होता है। स्थानीय लोग इस घाटी को 'उन पैसजे पिंटाडो पोर डियोस' अर्थात ईश्वर द्वारा चित्रित परिदृश्य कहते हैं। इस नदी का उद्गम, अर्जेंटीना के यूनेस्को संरक्षित लॉस एलेर्सेस राष्ट्रीय उद्यान के हिमनदों की पिघली हुई बर्फ से होता है। यह नदी अर्जेंटीना और चिली देश की सीमा को पार करती है। यह चिली के बेहद खूबसूरत लॉस लागोस क्षेत्र से बहते हुए अंततः प्रशांत महासागर में जाकर गिरती है। फुटालेउफू नदी दुनिया के बेहतरीन व्हाइटवॉटर कयाकिंग और राफ्टिंग स्थलों में से एक है। इसके तीव्र बहाव, क्रिस्टल-क्लियर नीले पानी और विशाल घाटी के बीच राफ्टिंग करने का अनुभव रोमांच प्रेमियों के लिए खास है। *

### अत्यंत स्वच्छ-सुंदर नदी उमंगोट



**अपने देश** के मेघालय की दावकी नदी के नाम से मशहूर उमंगोट नदी दुनिया की सबसे साफ नदियों में से एक है। इसका पानी इतना पारदर्शी है कि इसमें चलने वाली नाव हवा में तैरती हुई सी प्रतीत होती है। यह नदी अपनी असाधारण पारदर्शिता के लिए विश्व भर में प्रसिद्ध है। इसका पानी इतना साफ है कि नदी तल के पत्थर और मछलियां 8 मीटर की गहराई तक स्पष्ट दिखाई देते हैं। यह नदी भारत और बांग्लादेश के बीच एक प्राकृतिक सीमा बनाती है। स्थानीय समुदायों द्वारा इसकी स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाता है।



आगामी 3 जुलाई को रिलीज होने वाली यशराज बैनर की फिल्म 'अल्फा' में आलिया भट्ट लीड रोल में नजर आएंगी। इस फिल्म में वह जबर्दस्त एक्शन करती दिखेंगी। यह फिल्म उन्होंने क्यों एक्सेप्ट की? अनिल कपूर और बॉबी देओल के साथ एक्टिंग करने के कैसे एक्सपीरियंस रहे? इस फिल्म के साथ प्रोफेशनल-पर्सनल लाइफ से जुड़े सवाल आलिया भट्ट से।

## एक्शन-रोमांच से भरपूर 'अल्फा' का हिस्सा बनना मेरे लिए बेहद रोमांचक रहा: आलिया भट्ट

खास मुलाकात / आरती सक्सेना

बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेसेस में शुमार आलिया भट्ट इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'अल्फा' को लेकर चर्चा में हैं। आलिया अपनी इस फिल्म को लेकर बेहद उत्साहित हैं। हाल ही में आलिया भट्ट ने फिल्म 'अल्फा' में काम करने के अनुभव के साथ-साथ अपनी प्रोफेशनल-पर्सनल लाइफ को लेकर खास बातचीत की। पेश है इस बातचीत के प्रमुख अंश-

**अपनी आगामी फिल्म 'अल्फा' को लेकर आप इन दिनों बहुत उत्साहित हैं। इस फिल्म में काम करने का आपका अनुभव कैसा रहा ?**

'अल्फा' की शूटिंग करते हुए मैंने बहुत अच्छा समय बिताया। यह किसी फिल्म के सेट पर मेरे सबसे मजेदार और यादगार अनुभवों में से एक रहा। यशराज के स्पाई यूनिवर्स बैनर के एक्शन-रोमांच से भरे इस भव्य प्रोजेक्ट का हिस्सा बनना मेरे लिए बेहद रोमांचक रहा। इस फिल्म को करते वक्त मैंने उन चैलेंजेज को फेस किया, जिनका मैंने पहले कभी अनुभव नहीं किया था। मैं इस एक्शन एंटरटेनर फिल्म के सेट पर जाने के लिए हमेशा उत्साहित रहती थी। मैंने इसका हर मिनट पूरी तरह से एंज्वॉय किया।



'अल्फा' के एक सीन में शरवरी वाघ के साथ आलिया भट्ट

**इस फिल्म को साइन करते वक्त फिल्म की कौन-सी बात ने आपको सबसे ज्यादा प्रभावित किया ?**

वैसे तो इस फिल्म में बहुत सारी बाते हैं, जिसने मुझे फिल्म करने के लिए इंस्पायर किया, लेकिन मुझे सबसे ज्यादा यह बात पसंद आई कि इस फिल्म के केंद्र में दो महिलाएं हैं, जो पूरी एक्शन स्टोरी को आगे बढ़ा रही हैं। बॉलीवुड फिल्मों में ऐसा हमें बहुत कम देखने को मिलता है। 'अल्फा' एक एटीट्यूड का जश्न है।

**इस फिल्म में आप के साथ शरवरी वाघ, अनिल कपूर और बॉबी देओल भी हैं, इन सभी के साथ काम करने का अनुभव कैसा रहा ?**

'अल्फा' फिल्म में काम करने के अनुभव को और भी खास बनाने वाली बात यह थी कि मुझे इतने शानदार लोगों के साथ काम करने का मौका मिला। चाहे फिल्म के निर्देशक शिव रवैल हों, हमारे को-एक्टर्स शरवरी, अनिल कपूर और बॉबी देओल हों या एक्शन टीम और पर्दे के पीछे काम करने वाला पूरा क्रू ही क्यों ना हो, इस फिल्म को लेकर सभी के भीतर जबरदस्त उत्साह था। वो एनर्जी, वो वाइब दर्शकों को पर्दे पर भी दिखाई देगी।

**'अल्फा' फिल्म के लिए भारत के सबसे तेज धावक गुरिंदरवीर सिंह ने आप को स्पेशल ट्रेनिंग दी है, इस बारे में कुछ बताएंगी ?**

हां, भारत के सबसे तेज धावक गुरिंदरवीर सिंह ने इस फिल्म के लिए मुझे बहुत अच्छी ट्रेनिंग दी है। मैंने उनसे जिंदगी जीने का असली फलसफा भी सीखा है कि जिंदगी में कभी हार नहीं माननी चाहिए, हमेशा हौसले बुलंद रखने चाहिए।

**'अल्फा' के अलावा आप और कौन-कौन सी फिल्में कर रही हैं ?**

संजय लीला भंसाली की अपकमिंग फिल्म 'लव एंड वॉर' कर रही हूं। इसके अलावा 'चामुंडा', 'जी ले जरा' जैसी कुछ फिल्में लाइनअप हैं।

**आपके पसंदीदा डायरेक्टर्स कौन हैं, जिनके साथ आप काम करने की इच्छा रखती हैं ?**

मैं राजकुमार हिरानी, अयान मुखर्जी और जोया अख्तर के साथ फिल्म करने की इच्छा रखती हूं। ये सभी मेरे पसंदीदा डायरेक्टर्स हैं।

**आपके कोई तीन सीक्रेट्स या कमजोरी, जो आप अपने फैंस के साथ शेयर करना चाहेंगी ?**

(हंसते हुए) मुझे अंधेरे से डर लगता है, मुझे जोर से डकार लेने की आदत है और मैं इमोशनल सॉन्ग्स सुनकर कई बार रो पड़ती हूं। इन्हें आप मेरी वीकनेस मान सकती हैं। *

### सब मैनेज करना पड़ता है

**आलिया सक्सेसफुल** एक्ट्रेस होने के साथ-साथ एक अच्छी वाइफ और मां भी हैं। पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ के बीच बैलेंस बनाना, उनके लिए कितना आसान या मुश्किल होता है? यह पूछे जाने पर आलिया कहती हैं, 'आसान तो कुछ भी नहीं होता, सब मैनेज करना पड़ता है। लेकिन मैं यह भी कहना चाहूंगी कि अगर आपको घर वालों का सपोर्ट मिले तो कई सारी मुश्किलें आसान हो जाती हैं। मुझे अपनी फैमिली का प्यार और सपोर्ट किसी न किसी रूप में मिलता रहता है। फिर चाहे मेरे पति रणबीर हों, बेटी राहा हो या सास नीतू सिंह क्यों ना हों। सासू मां और राहा तो मेरी जान हैं। स्पेशली सासू मां से मैंने सीखा कि जिंदगी में चाहे कितने ही उतार-चढ़ाव आ जाएं, हार नहीं माननी चाहिए और हमेशा पॉजिटिव सोच रखनी चाहिए। राहा से मैंने हमेशा खुश रहना सीखा है। जहां तक मेरे पति रणबीर की बात है तो वह मेरी जिंदगी का वो खूबसूरत एहसास हैं, जिनकी मैं शुरू से फैन थी। जहां वो पर्सनल लाइफ में शांत पति हैं, वहीं एक जिम्मेदार पिता भी हैं। हमारी बेटी राहा में तो उनकी जैसे जान ही बसती है।'